राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# दिव्य दिनकर

एक निडर सच का दर्पण

रांची और पटना से एक साथ प्रकाशित



8

वर्ष 10 अकं :360 रांची (झारखंड),रविवार 8 दिसंबर 2024 पेज - 08 मूल्य: 2 RNI NO- JHAHIN/2013/54373

## टीबी उन्मूलन के लिए आज से शुरू हो रहा है 100 दिवसीय विशेष अभियान : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत में तपेदिक यानि टयूबबरकलोसिस (टीबी) उन्मूलन के लिए आज से 100 दिवसीय विशेष अभियान शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान का फोकस टीबी मरीजों की अधिकता वाले जिलों पर होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, टीबी के खिलाफ हमारी लड़ाई और मजबूत हो गई है! टीबी को हराने की सामूहिक भावना से प्रेरित होकर, आज से 100 दिन का एक विशेष अभियान शुरू हो रहा है, जिसका फोकस टीबी के उच्च बोझ वाले



जिलों पर है। भारत टीबी से बहुआयामी तरीके से लड़ रहा है- (1) रोगियों को दोगुना समर्थन, (2) जन भागीदारी, (3) नई दवाएं, (4) तकनीक और बेहतर निदान उपकरणों का उपयोग। आइए हम सब मिलकर टीबी को खत्म करने में अपना योगदान दें। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीबी मुक्त भारत के विजन को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय प्रमुख हितधारकों के साथ मिलकर आज से 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान शुरू कर रहा है। देश के 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में लागू की जाने वाली इस पहल को टीबी के मामलों का पता लगाने, निदान में देरी को कम करने और विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले समूहों में उपचार के परिणामों में सुधार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस 100 दिवसीय अभियान में टीबी मामलों की दर, निदान कवरेज और मृत्यु दर जैसे प्रमुख संकेतकों के प्रदर्शन में सुधार की परिकल्पना की गई है।अभियान में उन्नत निदान तक पहुंच बढ़ाना, कमज़ोर समूहों के बीच लक्षित जांच, उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए विशेष देखभाल और विस्तारित पोषण सहायता के प्रावधान पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह पहल देश भर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के विशाल नेटवर्क का लाभ उठाएगी, जिन्होंने टीबी सेवाओं को अंतिम छोर तक सुलभ कराया है।

## बांग्लादेश की वर्तमान परिस्थिति पूरे दक्षिण एशिया के लिए खतरा : मिलिंद परांडे

**एजेंसी**

**लखनऊ।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने बांग्लादेश की वर्तमान परिस्थिति को केवल भारत के लिए ही नहीं, अपितु पूरे दक्षिण एशिया के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की वर्तमान परिस्थिति केवल वहां के हिन्दुओं या केवल भारत के लिए ही नहीं अपितु पूरे दक्षिण एशिया के लिए खतरा है। क्योंकि चिंता का विषय यह है कि बांग्लादेश में सत्ता हस्तांतरण के बाद वहां पर हजारों उग्रवादी जेल से रिहा किये गये। इस कारण से वहां पर कट्टरता फैली है और हिन्दुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। मिलिंद परांडे ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि जहां-जहां हिन्दू समाज की आबादी कम हुई है वहां पर हिन्दू के लिए संकट खड़ा हुआ है। दुर्भाग्य से



बांग्लादेश इस्लामिक देश है। वहां पर हिन्दू संगठिन न होने से हिन्दू समाज को बहुत बड़ा कष्ट भुगतना पड़ रहा है। इस विषय पर सब लोग अपना आक्रोश प्रकट कर रहे हैं और सभी लोग प्रयास भी कर रहे हैं। भारत सरकार भी अपने स्तर से प्रयास कर रही है। अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी बांग्लादेश पर दबाव डालने के लिए प्रयास हो रहे हैं। अलग-अलग देशों के हिन्दू भी प्रयास कर रहे हैं। इन्टरनेशनल कोर्ट, यूनाइटेड नेशन और अमेरिका भी प्रयासरत है। पूरे देश में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन भी हो रहे हैं। इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की निन्दा करते हुए परांडे ने कहा कि बांग्लादेश प्रशासन तत्काल हिन्दुओं के उत्पीड़न को रोके। विहिप प्रशासन की इस कायरतापूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना का पुरजोर विरोध करती है। विहिप की मांग है कि हिन्दुओं के मानवाधिकारों की रक्षा की जाए, सुरक्षा की जाए।

## सीआईएसएफ ने हवाई अड्डों पर विमानन सुरक्षा के लिए गुणवत्ता नियंत्रण इकाई स्थापित की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने विमानन सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपनी विमानन सुरक्षा विंग (एएसजी) के लिए एक आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण इकाई (आईक्यूसीयू) की स्थापना की है। एएसजी देश के 68 नागरिक हवाई अड्डों को आतंकवाद-रोधी कवर प्रदान करती है। अर्धसैनिक बल के एक प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि आईक्यूसीयू विश्व स्तरीय सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पहल ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) द्वारा जारी राष्ट्रीय नागरिक विमानन सुरक्षा गुणवत्ता नियंत्रण कार्यक्रम-2024 और विमान (सुरक्षा) नियम-2023 के अनुपालन में है। आईक्यूसीयू एविएशन सिक्योरिटी कंट्रोल सेंटर (एएससीसी) का हिस्सा होगा, जिसका उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गत वर्ष 22 जुलाई को किया था। एएससीसी अपने उन्नत घटकों जैसे कि घटना प्रबंधन केंद्र, विमानन अनुसंधान और डेटा केंद्र, केंद्रीकृत संचार नियंत्रण केंद्र के साथ आईक्यूसीयू के साथ मिलकर काम करेगा ताकि मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों का सामना किया जा सके और भारतीय हवाई अड्डों की समग्र सुरक्षा स्थिति को बढ़ाया जा सके। यह प्रणाली क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान) के तहत हवाई अड्डों को भी कवर करेगी। आईक्यूसीयू का नेतृत्व एक वरिष्ठ सीआईएसएफ अधिकारी और प्रमाणित विमानन सुरक्षा (एवीएसईसी) प्रशिक्षकों, राष्ट्रीय लेखा परीक्षकों और अनुभवी कर्मियों की एक टीम द्वारा किया जाएगा, जो मानकीकृत प्रशिक्षण और मूल्यांकन विधियों के माध्यम से सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रक्रियाओं में एकरूपता सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा क्षेत्र परीक्षणों और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के आधार पर नई तकनीकों को अपनाने की सिफारिश करना, सुरक्षा संचालन का मूल्यांकन करने और सुधारात्मक उपायों को लागू करने के लिए आईसीएओ/बीसीएएस दिशानिर्देशों के आधार पर आंतरिक निरीक्षण और ऑडिट आयोजित करना होगा।

## देशभर में 19 दिसंबर से शुरू होगा 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान

**नई दिल्ली।** चौथे सुशासन सप्ताह के दौरान 19 दिसंबर को एक राष्ट्रव्यापी अभियान 'प्रशासन गांव की ओर' शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य लोक शिकायतों का निवारण और सेवा वितरण में सुधार करना है। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह अभियान 19 से 24 दिसंबर तक देश के सभी जिलों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा। अभियान में 700 से ज़्यादा जिला कलेक्टर हिस्सा लेंगे और अधिकारी तहसीलों और पंचायत समिति मुख्यालयों का दौरा करेंगे।

## मुंबई में 90 के दशक में जैसे अंडरवर्ल्ड का राज था, वैसे ही आज दिल्ली में गैंगस्टर का है : अरविंद केजरीवाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में बढ़ते अपराध को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को आईएएनएस से खास बात की। इस मुद्दे पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह को घेरा। अरविंद केजरीवाल ने कहा, आज सुबह जब सोकर उठा तो पता चला कि दिल्ली के विश्वास नगर में मॉर्निंग वॉक कर अपने घर की तरफ जा रहे बर्तन व्यापारी की बीच सड़क आठ गोली मारकर हत्या कर दी गई। दो लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे और उनकी हत्या कर फरार हो गए। हमने कभी ऐसी कल्पना नहीं की थी कि दिल्ली





का माहौल एक दिन ऐसा होगा, जब सड़कों पर सरेआम गोलियां चलेंगी। उन्होंने कहा, दिल्ली में रोज ऐसी गोलीबारी की घटनाएं सुनने को मिल रही हैं। दिल्ली के अंदर खुलेआम गैंगवार हो रहा है। 90 की दशक में हम सुनते थे कि मुंबई में अंडरवर्ल्ड का राज था, वैसे ही दिल्ली में आज गैंगस्टर का राज है। गैंगस्टर खुलेआम बिजनेसमैन को फिरौती के कॉल दे रहे हैं। पुलिस रिकॉर्ड के हिसाब से अभी तक ऐसी 160 कॉल आ चुकी है। लेकिन जो केस पुलिस के पास नहीं, वो कितने ज्यादा होंगे? केजरीवाल ने कहा कि पैसे के बदले परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी मिलती है। बहुत सारे बिजनेसमैन आज के समय में दिल्ली छोड़कर दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। दिल्ली के अंदर बहुत ही भयानक वातावरण बन रहा है। लोग अपनी सुरक्षा के लिए आखिर किसके पास जाएं यहां पर महिलाओं का अपहरण कर उनका मर्डर हो जाता है। उनके रेप हो रहे हैं।

## हिमंत सरकार का हुआ विस्तार, चार नए मंत्रियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** असम में भाजपा नेतृत्वाधीन एनडीए राज्य सरकार का आज दूसरी बार विस्तार हुआ। राजधानी के पांजाबारी स्थित श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा मंत्रिमंडल में चार नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। दो मंत्रियों ने असमिया, एक ने हिंदी और एक ने बांग्ला भाषा में शपथ ग्रहण की। इस तरह अब असम सरकार में मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित कुल 18 हो गयी है। शपथ ग्रहण करने वालों में प्रशांत फुकन, कौशिक रॉय, कृष्णेंदु पाल और रूपेश गोवाला शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के साथ उनके मंत्रिमंडल के



सभी सहयोगी एवं भाजपा के विधायक, सांसद, मुख्य सचिव, डीजीपी समेत अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में राजनेता मौजूद थे।

चारों नए मंत्रियों में डिब्रूगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से 4 बार के विधायक प्रशांत फुकन, लखीपुर के विधायक कौशिक रॉय, पथारकांदी के विधायक कृष्णेंदु पॉल और दुमदुमा के विधायक रूपेश ग्वाला शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने गत 5 दिसंबर को ही सोशल मीडिया पर नए मंत्रियों के नामों की घोषणा की थी। वहीं दूसरी ओर 5 दिसंबर को मंत्री संजय किसान ने कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। चार नये विधायकों के शपथ ग्रहण करने के साथ ही असम सरकार में मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित कुल 18 हो गयी है।

डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने 10 मई, 2021 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। डॉ. सरमा के मंत्रिमंडल का पहली बार जून 2022 में विस्तार किया गया था। जयंत मल्ल बरुवा और नंदिता गार्लोसा को 2022 में मंत्रिमंडल के विस्तार के दौरान मंत्रालय मिले थे।

## बेनामी संपत्ति मामले में अजित पवार को क्लीन चिट, आईटी ने जब्त संपत्ति रिलीज की

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद अजित पवार और उनके परिवार को बेनामी संपत्ति के आरोपों से मुक्त कर दिया गया है। आयकर विभाग ने 2021 की छापेमारी के दौरान जब्त 1,000 करोड़ रुपये की संपत्ति रिलीज कर दी है। दिल्ली ट्रिब्यूनल कोर्ट ने अपने फैसले में अजित पवार को बेनामी संपत्ति के मामले में क्लीन चिट दे दी। अदालत के आदेश पर आयकर विभाग की तरफ से जब्त की संपत्ति भी लौटा दी गई है। इस तरह से आयकर विभाग ने 2021 की छापेमारी के दौरान जब्त की गई 1,000 करोड़ रुपये की संपत्ति रिलीज कर दी है। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग ने 7 अक्टूबर, 2021 में अजित पवार और उनके



परिवार से जुड़ी कुछ कंपनियों पर छापा मारा था। उनके ऊपर बेनामी संपत्ति रखने का आरोप लगा था। आयकर विभाग ने छापेमारी के बाद कुछ संपत्ति और दस्तावेज सीज किए थे। हालांकि, न्यायाधिकरण ने इन दावों को यह कहते करते हुए खारिज कर दिया कि आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

## अच्छे संस्कार के बिना सहकार संभव नहीं : गुलाब चंद कटारिया

**अमृतसर।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब में सहकारिता की लहर को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि अच्छे संस्कारों के बगैर मजबूत सहकार संभव नहीं है। राज्यपाल शनिवार को अमृतसर में सहकार भारती के आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन के प्रथम उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समाज को सहकारिता से जोड़ना जरूरी है। जीवन को सहकारिता के सिद्धांत पर व्यतीत करने पर बल देते हुए कटारिया ने कहा कि हमारा देश सही मायने में आत्मनिर्भर तभी बन सकेगा जब सहकारिता को अपनी दिनचर्या में शामिल किया जाएगा।

## ईडी ने महादेव ऐप मामले में 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति जब्त की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में चल रही धन शोधन जांच के तहत करीब 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति जब?त की है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई राजनेताओं और नौकरशाहों के कथित रूप से शामिल होने का आरोप है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि ईडी रायपुर जोनल ऑफिस ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत 05 दिसंबर, 2024 को चल और अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। एजेंसी के मुताबिक इन संपत्तियों में मॉरीशस स्थित कंपनी मेसर्स तानो इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज फंड द्वारा एफपीआई और एफडीआई के माध्यम से हरि शंकर टिबरेवाल से संबंधित निवेश और छत्तीसगढ़, मुंबई और मध्य प्रदेश में स्थित कई सट्टेबाजी एप और वेबसाइटों के प्रमोटरों, पैनल ऑपरेटरों और प्रमोटरों के सहयोगियों के नाम पर मौजूद संपत्तियां हैं। ईडी ने कहा कि इन संपत्तियों को कुर्क





करने के लिए 5 दिसंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया था, जिसका कुल मूल्य 387.99 करोड़ रुपये है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि इस मामले में टिबरेवाल से पूछताछ की जा रही है। इस जांच के दौरान कई ऐसे आदेश जारी किए हैं और नवीनतम आदेश के साथ अब तक 2,295.61 करोड़ रुपये की संपत्ति या तो फ्रीज, कुर्क या जब्त कर ली गई है।

## प्रधानमंत्री ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सशस्त्र बलों को सलाम किया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान को सलाम किया है। इस मौके पर केंद्रीय सैनिक बोर्ड के सचिव ब्रिगेडियर डीएस बसेरा ने प्रधानमंत्री से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की और उन्हें बैज लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट कर कहा, सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे साहसी सैनिकों की वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान को सलाम करने के लिए है।


उनकी बहादुरी हमें प्रेरित करती है, उनका बलिदान हमें विनम्र बनाता है और उनका समर्पण हमें सुरक्षित रखता है। आइए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में भी योगदान दें।

## सहकारिता की सीमा भारत नहीं पूरा विश्व होना चाहिए : दत्तात्रेय होसबाले

**एजेंसी**

**अमृतसर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत में आजादी के समय से ही सहकारिता आंदोलन की भूमिका अहम रही है। वर्तमान में हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए कि सहकारिता की सीमा भारत ही नहीं बल्कि पूरा विश्व होना चाहिए। साथ ही उन्होंनेधरती के बिगड़ रहे संतुलन को बचाने के लिए एकजुटता से प्रयास करने की जरूरत पर भी जोर दिया।

दत्तात्रेय होसबाले शनिवार को अमृतसर में सहकार भारती के आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन के प्रथम उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम आर्थिक विकास तो कर रहे हैं लेकिन सामाजिक विकास की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। सामाजिक विकास के लिए आज पूरे देश में परिवर्तन की लहर चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में स्वतंत्रता,



समानता, संयमता और न्याय की बात कही गई है। यह कहीं न कहीं पिछड़ रहा है।धर्म के विषय पर होसबाले ने कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। धर्म जीवन को स्थिरता देता है। जीवन के लिए, विकास के लिए धर्म का पालन जरूरी है। धर्म की गलत समझ के कारण भौतिक जीवन की अवहेलना कर रहे हैं। उन्होंने भारत में सहकारिता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि देश की आजादी से पहले ही सहकारिता आंदोलन की शुरुआत हो चुकी थी। सही मायने में सहकारिता का अर्थ बेहतर कुटुंब, जनमानस और राष्ट्र का निर्माण करना है। जिसमें एक-दूसरे के प्रति संवेदनाएं हों। आज एक-दूसरे के प्रति सामाजिक संवेदनाएं समाप्त होती जा रही हैं। इस तरफ ध्यान दिए जाने की जरूरत है। गुरु नानक देव के संदेश नाम जपो, कीतर करो, वंड छको के सिद्धांत का वर्णन करते हुए होसबाले ने कहा कि प्रभु का सुमिरन करते हुए परिश्रम से कमाई करें और बांटकर खाएं। इस एकमात्र सिद्धांत के आधार पर जीवन को सरल बनाया जा सकता है।

## गोरखपुर में सड़क हादसे में दो बच्चों समेत पांच की मौत

**एजेंसी**

**गोरखपुर।** ले के कैंट थाना क्षेत्र में रात हुए सड़क हादसे में दो बच्चों समेत पांच लोगों को मृत्यु हो गई। हादसे में तीन अन्य लोग घायल भी हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे में हुई जानहानि की घटना पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने बताया कि गोरखपुर शहर के मोहद्दीपुर में नहर रोड के पास शुक्रवार देर रात तीन मोटरसाइकिलों की आपस में टक्कर हो गयी। हादसे में एक बाइक पर सवार पिता और दो पुत्रियों की मौत हो गई और दूसरी बाइक पर सवार दो युवकों की जान चली गई। हादसे में मां-बेटे सहित तीन लोग घायल हैं। शवों की शिनाख्त मोहद्दीपुर बिजली घर के पास रहने वाले विक्रांत (34) और उनकी दो साल की बेटी लाडो, एक साल की दूसरी बेटी के रूप में हुई है। जिन दो युवकों की मौत हुई है उनकी शिनाख्त रुस्तमपुर के मोनू चौहान (32) और बेतियाहाता हनुमान मंदिर के पास रहने वाले सूरज (28) के रूप में हुई। हादसे में विक्रांत की पत्नी निकिता (30) और पांच साल का बेटा अंगद घायल हैं जबकि तीसरे व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। एसएसपी ने बताया कि परिजनों के अनुसार रात 12 के आसपास मुंडन कार्यक्रम से सूरज और मोनू एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। उधर विक्रांत ससुराल में मांगलिक कार्यक्रम से अपने घर वापस मोहद्दीपुर जा रहा था।

## उत्तरी कश्मीर के बारामुला में दिखा दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति का मारखोर

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के बोनियार के नूरखा गांव में शनिवार सुबह दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति के सर्पिल सींगों वाला मारखोर (जंगली बकरा) देखा गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय लोगों ने नूरखा में एक झरने के पास इस जानवर को देखा और तुरंत अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस और वन्यजीव अधिकारियों की एक



टीम ने मौके का दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस दुर्लभ प्रजाति को पहली बार इस इलाके में देखा गया है। उन्होंने अनुमान लगाया कि यह सीमा के दूसरी तरफ से आया होगा। अधिकारी ने कहा कि जानवर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं। स्थानीय लोगों को ऑपरेशन स्थल के करीब जाने से बचने की सलाह दी गई है।

मारखोर एक दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति है जो पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भारत, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान सहित मध्य और दक्षिण एशिया के पहाड़ी क्षेत्रों में पाई जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएचसी बरकट्ठा में यक्ष्मा उन्मूलन अभियान का शुभारंभ प्रमुख रेणु देवी ने किया. सौ दिन चलेगा कार्यक्रम



**संवाददाता बरकट्ठा**

बरकट्ठा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में यक्ष्मा उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, पंसस शिक्षा, स्वास्थ्य युसूफ अंसारी, चिकित्सक प्रभारी डॉ रत्ना रानी कुंज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तीम महतो, पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद, चिकित्सक डॉ फातिमा खातून मौजूद थीं। प्रमुख रेणु देवी ने स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाई जा रही एक सौ दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन अभियान को लोगों से सफल बनाने की अपील किया। डॉ रत्ना रानी ने बताया कि यक्ष्मा उन्मूलन अभियान, यानी टीबी उन्मूलन अभियान, भारत सरकार की एक सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल है। इसका मकसद वर्ष 2025 तक भारत में टीबी को खत्म करना है। अभियान के तहत, टीबी से जुड़ी कई पहलें की जा रही हैं। इस अवसर पर प्रधान लिपिक सोनी रविदास, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, डॉ राकेश्वर प्रसाद, भवेस कुमार, बीटीटी प्रकाश पंडित, दशरथ मोदी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### कलहाबाद गांव के राजकुमार प्रसाद का सेनेटरी एण्ड फूड इंस्पेक्टर के पद पर हुआ चयन

**संवाददाता बरकट्ठा**



बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कलहाबाद निवासी राजकुमार प्रसाद का चयन सेनेटरी एण्ड फूड इंस्पेक्टर पद के लिए हुआ है। राजकुमार प्रसाद का चयन होने पर परिजनों एवं प्रखंड क्षेत्र वासियों में हर्ष का माहौल है। इसकी जानकारी राजकुमार प्रसाद के बड़े भाई मोहन मुरारी प्रसाद ने दिया। बताया कि राजकुमार प्रसाद की प्रारंभिक शिक्षा गांव से शुरू होकर कलहाबाद स्कूल से मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा पास किया। इसके पश्चात इंटरमीडिएट परीक्षा विष्णुगढ़, बीए तथा एमए की परीक्षा डोरंडा कॉलेज रांची से पूरा किया। राजकुमार प्रसाद ने अपनी सफलता का श्रेय पिता जगदीश प्रसाद, माता राधा देवी, बड़े भाई मोहन मुरारी प्रसाद एवं अपने गुरुजनों को दिया है।

### 35 वां एथलेटिक्स मधुपुर में सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह के भैया ने लहराया परचम



**मधुबन** थाना क्षेत्र सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह के प्रांगण में भैया धनराज कुमार यादव को सम्मानित किया गया । ज्ञात हो 35 वां एथलेटिक्स, खो खो ,कबड्डी( शिशु वर्ग ) खेलकूद समारोह का आयोजन महेंद्र मुनि सरस्वती विद्या मंदिर मधुपुर में आयोजित किया गया था जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह से एथलेटिक्स में चार भैया ने भाग लिया था और उस प्रतियोगिता में भैया धनराज कुमार यादव ने 400 मीटर स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर सिनीडीह क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अपने उद्बोधन में प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि सिनीडीह क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है आवश्यकता है तो उसमें निखार लाने की ।मौके पर खेल प्रमुख आचार्य प्रवीण कुमार दास के साथ सभी आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित थे ।


### उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलौना में नियमितता को लेकर बीईईओ ने संज्ञान

देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा

देवीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलौना में बीते शुक्रवार को अंडा, चावल, दाल, हरी सब्जी के जगह हल्की मात्रा में मुड़ी और चनाचूर बच्चों को खिलाया गया। वहीं प्रधान शिक्षक के अलावे एक अन्य सहायक शिक्षक अनुपस्थित थे। जिससे पठन पाठन भी प्रभावित था।इसको लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए कहा है कि इस विषय पर विधिवत जांच कराया जाएगा। दोषी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा। वहीं सीआरपी जपेश्वर दास के द्वारा बताया गया कि इसके लिए हम जिम्मेवार नहीं है। अध्यक्ष सचिव इसका मालिक होता है। आपको बता दें कि विद्यालय में पठन पाठन और मध्यान भोजन नियमानुसार चले। इसके लिए सीआरपी को देखने और रिपोर्ट करने का काम दिया गया है। लेकिन सीआरपी के द्वारा इस मामले में हाथ खड़ा कर दे रहा है।

### विद्यालय में मापतोल किए चावल गिराया, कई किलो चावल का हुआ हेराफेरी, होगी जांच

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**



देवीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी विद्यालयों में माध्यन भोजन का भेंडर के द्वारा सभी विद्यालय में चावल अनियमितता पूर्वक पहुंचाया गया। बीआरसी स्थित गोदाम में रखे चावल का हैंड ओभर विभाग के द्वारा उक्त भेंडर को दिया। उसके बाद उसके द्वारा बिना मापतोल किए प्रत्येक विद्यालय में अनियमितता पूर्वक चावल पहुंचया गया। विद्यालय में एक बोरा का 50 किलो के हिसाब से विद्यालय में चावल गिराया गया। वहीं उक्त बोरा में करीब 5 किलो तक चावल कम रहने की बात बताई जा रही है। शिक्षकों द्वारा बताया गया की बीआरसी और चावल सप्लायर की मिली भगत से ऐसा किया जा रहा है। हम लोग इसके विरोध में कार्य करते हैं तो बीआरसी के द्वारा अन्य परेशानी का सामना करना पड़ता है। चावल सप्लायर के द्वारा बिना मापतोल किए चावल विद्यालय में गिराया गया है। चावल का सप्लायर कौन है, उसके बारे में पूरी जानकारी भी उपलब्ध नहीं है। यह एक जांच का विषय है। इस बावत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संत मर्सी टुडू ने बताया कि इस विषय पर एक जांच कमेटी गठित कर जांच कराया जाएगा। कम चावल देना गंभीर विषय है। बिना मापतोल कर किसी भी शिक्षक को चावल नहीं लेना है ना ही सप्लायर को चावल देना है।

# पू. सी. रेलवे ने नवंबर 2024 में 1032 माल रेक अनलोड किए

**मालीगांव,**



पू. सी. रेलवे ने अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले प्रत्येक राज्य के हर कोने पर वस्तुओं की आपूर्ति करने के प्रयास में नवंबर, 2024 में 1032 माल रेकों की अनलोडिंग की। पू. सी. रेलवे ने उक्त महीने के दौरान एफसीआई चावल, चीनी, नमक, खाद्य तेल, खाद्यान्न, उर्वरक, सीमेंट, कोयला, सब्जियां, ऑटो, टैंक और अन्य वस्तुओं जैसे सामानों का परिवहन किया है और इसे अपने क्षेत्राधिकार के अधीन विभिन्न गुड्स शेड में अनलोड किया है। नवंबर, 2024 के दौरान, असम में मालगाड़ियों के कुल 583 रेक अनलोड किए गए, जिनमें से 286 आवश्यक वस्तुओं से लोड थे। उक्त महीने के दौरान त्रिपुरा में 55, नागालैंड में 10, अरुणाचल प्रदेश में 10 और मिजोरम में 07 रेक अनलोड किए गए। इसके अलावा, नवंबर, 2024 के दौरान पश्चिम बंगाल में 197 फ्रेट रेक और बिहार में 170 फ्रेट रेक भी पू. सी. रेलवे के क्षेत्राधिकार में अनलोड किए गए थे। महत्वपूर्ण सेक्शनों पर दोहरीकरण कार्यों के त्वरित निष्पादन, अत्याधुनिक टर्मिनल हैंडलिंग सुविधाओं से माल ढुलाई की आवक और जावक गतिविधियों में वृद्धि हुई है। सभी स्तरों पर सतत निगरानी के परिणामस्वरूप टर्नअराउंड समय में भी कमी आई है और अनलोडिंग दक्षता में वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप माल अनलोडिंग में वृद्धि होने से आवश्यक और अन्य वस्तुओं की आवाजाही भी बढ़ी है।

# डीपीएस, पाकुड़ में श्री अन्न पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**



पाकुड़ःकेंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली द्वारा निर्देशित,भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए अन्न पोषण माह योजना की शुरूआत विद्यालय में संचालित हैल्थ एंड वैलनेस क्लब के तत्वाधान में दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह से विभिन्न गतिविधियों आयोजित की जा रहीं हैं। इसके तहत सर्वप्रथम एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर बच्चों को पोषण संबंधी परिचर्चा ,स्वस्थ एवम् संतुलित आहार की उपयोगिताओं एवम् आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए सभी बच्चों को पोषण शपथ दिलाई गई। इस क्रम में कक्षा सात से नवीं के बच्चों ने अन्न पोषण माह योजना एवम् संतुलित आहार की जीवन में आवश्यकता पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग दो सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। अगले सप्ताह में निर्धारित एनीमिया पर ग्रुप डिस्कशन,बाद विवाद प्रतियोगिता,कक्षावार पोस्टर मेंकिंग एवम् बच्चों द्वारा अपने घरों में पौधारोपण किया जाना प्रस्तावित है। विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने बच्चों को संदेश देते हुए हुए कहा, ₹अन्न पोषण कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को संतुलित और संपूर्ण आहार को प्रयोग में लाना है, जिससे वे स्वस्थ और मजबूत बन सकें।₹ विद्यालय के प्रधानाचार्य जी शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि , ₹ हमारा उद्देश्य बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी देना और उन्हें स्वस्थ खाने की आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास हो सके।

## डी ए वी के लाल मनोज ने दिल्ली में लहराया परचम

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**



पाकुड़ःपाकुड़ स्थानीय विद्यालय डीएवी पब्लिक स्कूल के वर्ग अष्टम के मनोज सोरेन ने नई दिल्ली में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2024-25 की खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया एवं गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय, शहर एवं प्रांत का नाम रोशन किया। डी ए वी नेशनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता जिसे भारत सरकार के स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त है, में विद्यालय के मनोज सोरेन ने 100 मीटर रेस में लगभग 500 विद्यालय के प्रतिभागियों को पछाड़ कर प्रथम स्थान हासिल किया एवं गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक दिल्ली के खेलगांव में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद शनिवार को पाकुड़ आगमन पर खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि हमारा विद्यालय पढाई-लिखाई के क्षेत्र में ही नहीं खेल के मैदान में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जहां जाता है वहां परचम लहरा कर आता है। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स की इस प्रतियोगिता में जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, आंधप्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ आदि विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों के बीच कड़े मुकाबले में स्थान बना पाना काफी कठिन कार्य होता है लेकिन हमारे खिलाड़ियों ने इसे सिद्ध करके दिखाया है। हम सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है और प्रशिक्षु शिक्षक के नियमित प्रयास में सहयोग एवं कुशल मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देते हैं । उन्होंने इस उपलब्धि हेतु विद्यालय के सभी खेल शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापन किया एवं उनके अथक परिश्रम की सराहना की। इस उपलब्धि हेतु डी ए वी झारखंड जोन एच के सहायक निदेशक डॉ प्रवीर हाजरा ने मनोज सोरेन एवं विद्यालय परिवार को बधाई दी एवं बताया कि अपने जोन के लिए यह गौरव की बात है। प्राचार्य एवं सभी शीक्षकों के बीच हर्ष का माहौल रहा। सभी ने विजय मनोज सोरेन के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कोडरमा ब्लॉक रोड में गंदगी का अंबार, जेएमएम नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा ने जताई नाराजगी

**कोडरमा ,विजय यादव**



कोडरमा ब्लॉक रोड में भारी गंदगी और अव्यवस्था को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा ने गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में लंबे समय से गंदगी की समस्या बनी हुई है, लेकिन नगर परिषद झुमरीतिलैया की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। दीपक विश्वकर्मा ने कई बार नगर परिषद को इस समस्या के समाधान के लिए लिखित रूप से आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि करीब तीन साल पहले नाला निर्माण की योजना बनाई गई थी, लेकिन आज तक इसे पूरा नहीं किया गया। बताया कि यह सड़क कई महत्वपूर्ण संस्थानों से घिरी हुई है, जिसमें सरकारी अस्पताल, सरस्वती विद्या मंदिर, भारतीय स्टेट बैंक और कई डॉक्टरों के क्लीनिक शामिल हैं। क्षेत्र से अंचलाधिकारी समेत अन्य सरकारी अधिकारी भी गुजरते हैं, लेकिन गंदगी की समस्या पर किसी का ध्यान नहीं है। दीपक विश्वकर्मा ने चेतावनी दी कि इस गंदगी के कारण किसी भी समय गंभीर बीमारी फैल सकती है। उन्होंने नगर परिषद से मांग की है कि इस क्षेत्र की सफाई जल्द से जल्द कराई जाए, ताकि आम जनता को असुविधा और बीमारियों का सामना न करना पड़े।

## विद्यालय में चलाया गया सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान

**रिपोर्ट-अविनाश मंडल**




पाकुड़ःओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल में परिवहन विभाग, पाकुड़ के सौजन्य से जिला सड़क सुरक्षा कोषांग के रोड इंजीनियर एनालिस्ट मो० अजहद अंसारी एवं आई टी असिस्टेन्स अमित कुमार राम द्वारा शनिवार को बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम बच्चों को सड़क सुरक्षा से संबंधित पत्रिका एवं पम्पलेट प्रदान किया गया। अपने संबोधन उन्होंने बताया कि हमें दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा अच्छी गुणवत्ता के आई एस एस मार्क वाला हेलमेट लगाना चाहिये क्यूंकि दुर्घटना के बाद सर में चोट लगने के गंभीर दुष्परिणाम होते हैं, यातायात के नियमों एवं ट्रैफिक सिग्नल का हमेशा पालन करना चाहिये, सड़क पर हमेशा गति सीमा का ध्यान रखना चाहिये तथा कभी भी तय गति से अधिक गति पर वाहन नहीं चलाना चाहिये, चारपहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाना चाहिये क्यूंकि अधिकांश गाड़ियों में एयरबेग जैसे सुरक्षा उपकरण सिर्फ सीटबेल्ट लगे होने पर ही काम करते हैं, वाहन चलाते समय दूसरे वाहनों से हमेशा उचित दूरी बनाये रखना चाहिये, शराब आदि किसी भी नशीले प्रदार्थ का सेवन कर कभी वाहन नहीं चलाना चाहिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने मोटर वाहन अधिनियम की मुख्य बातें भी बतायी साथ ही बच्चों को 18 वर्ष से कम उम्र में कोई भी वाहन नहीं चलाने की सलाह दी तथा चेतावनी दी कि ऐसा करते पकड़े जाने पर उनका वाहन जब्त हो सकता है एवं जुमार्ना भी किया जा सकता है। वाहन दुर्घटना में सबसे अधिक जान दोपहिया वाहन से होने वाली दुर्घटना में जाती है। वर्ष 2023 में झारखंड में कुल सड़क दुर्घटना की संख्या 5315 थी जिसमें 4173 लोगों ने अपनी जान गवां दी। लगभग 10 लोग रोज झारखंड में सड़क दुर्घटना में मारे जाते हैं। उन्होंने बच्चों से अनुरोध किया कि वे अपने अभिभावकों को हमेशा हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने के लिये जागरूक करें साथ ही अभिभावकों एवं पड़ोसियों एवं समाज के अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा एवं मोटर वाहन अधिनियम के विषय में जागरूक करें। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से भी नियमित रूप से सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के अंत मे सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता बनने की शपथ दिलाई गई।

## सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन




**मांडर** - शनिवार को कन्दरी माण्डर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन में सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ० सुजीत कश्यप मेडिकल ऑफिसर सी०एच०सी० रातु, श्री सरोज शाह, श्रीमति छवि सिन्हा अध्यक्ष भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन, श्री नितिन पराशर सचिव भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन एवं श्रीमति डा० दीपाली पराशर शैक्षणिक सचिव भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन उपस्थित थे। डा० सुजीत कश्यप ने छात्र/छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि मरीजों के सांसों की गिनती नर्सेस पर ही पूरी तरह निर्भर है क्योंकि डॉक्टर भले ही उपचार बताते है लेकिन उनकी पूरी देखभाल नर्सेस ही करती है। श्री नितिन पराशर ने कहा कि नर्सेस का संपूर्ण जीवन मानवता की सेवा के लिए समर्पित है। उसे सत्य के धर्म का पालन करते हुए कत्र्तव्य एवं निष्ठा के साथ अपने कार्यो को पूरा करने का प्रयास किया जाना चाहिए। हमारा संस्थान छात्र-छात्राओं को सत्त शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि हमारे देश की स्वास्थ व्यवस्था और बेहतर हो सके। श्रीमति डॉ० दीपाली पराशर ने छात्र/छात्राओं से कहा कि नर्सिंग दुनिया की एक ऐसी सेवा है जो त्याग, समर्पण, संतुष्टि तथा संतृप्ति से लिप्त है। महाविद्यालय के डीन डॉ० उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि इस आदिवासी बहुल इलाके में भी नर्सिंग जैसे पाठ्यक्रम को संचालित कराना महाविद्यालय का एक सराहनीय कदम है। नर्सिंग की प्राचार्या श्रीमती निहारिका श्रीवास्तव के द्वारा स्वागत अभिभाषण दिया गया। नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के द्वारा संगीत, नृत्य, नाटक इत्यादि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में व्याख्याता अंजेला गाड़ी, गोपाल तिरकी, प्रतिमा कुजूर, दिपा कौडयार, पुनम मिंज, क्रिसटीना किसकु, सुषमा कुमारी, निभा प्रियंका खल्खो, संगीता कुमारी, प्रीतम कुमार सिन्हा, शशिभूषण जायसवाल मनीषा कुमारी, एम०डी० अफरोज, तुलसी दास, आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन नर्सिंग के विद्यार्थी गौरव कुमार एवं सुहानी कुमारी वर्मा के द्वारा किया गया।

## गोविंदपुर व निरसा में जाम की समस्या का त्वरित समाधान करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

### आवारा पशुओं को लेकर नगर निगम को कार्रवाई करने का निर्देश



**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक समाहरणालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने गोविंदपुर व निरसा में जाम की समस्या का समाधान निकालने, बैंक मोड़ फ्लाईओवर तथा सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को लेकर संबंधित विभाग को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गोविंदपुर में लगने वाले जाम को लेकर उपायुक्त ने एनएचएआई को सर्विस रोड के अधूरे निर्माण को शीघ्र पूरा करने, सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने, गोविंदपुर थाना के पास सर्विस रोड पर खड़े वाहनों को शीघ्र हटाने तथा सड़क पर साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। वहीं निरसा में भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगने वाले जाम को लेकर उपायुक्त ने एनएचएआई को सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने और अधूरे निर्माण को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के गोविंदपुर और निरसा में सड़क जाम एक विकराल समस्या बन गई है। इसका मुख्य कारण एनएचएआई द्वारा अर्ध निर्मित सर्विस लेन, एनएचएआई की सड़क पर अतिक्रमण और सही साइनेज नहीं लगाना है। सड़क जाम के सथ-साथ आए दिन दुर्घटनाएं भी होती है। इसकी गंभीरता को एनएचएआई समझे और अधूरे निर्माण कार्य तथा सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। बैठक में बैंक मोड़ फ्लाईओवर को लेकर भी उपायुक्त ने विचार विमर्श किया। वहीं सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं को लेकर उपायुक्त ने नगर निगम को ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि लोग अपने पालतू जानवरों को सड़क पर छोड़ देते हैं। जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। उन्होंने सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़ कर पशु मालिक पर ₹पब्लिक न्यूसेंस₹ फैलने के लिए जुमार्ना लगाने और उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने गोविंदपुर और फकीरडीह में हुई सड़क दुर्घटना में मृतकों के आश्रित को शीघ्र मुआवजा का भुगतान करने, 8 लेन सड़क पर कुछ बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को शीघ्र चालू कराने का भी निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, डीएसपी मुख्यालय १ शंकर कामती, सभी अंचलों के अंचल अधिकारी, एनएचएआई के पदाधिकारी, गोविंदपुर, निरसा, बरवाअड्डा तथा राजगंज थाना के इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा समिति ने किया सरायढेला से गोविंदपुर तक निरीक्षण



**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक पूरी होने के बाद समिति के सदस्यों ने सरायढेला से गोविंदपुर तक सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने टुंडी से गोविंदपुर सुभाष चौक, बलियापुर से गोविंदपुर सुभाष चौक, गोविंदपुर साहिबगंज रोड के प्रस्थान बिंदु से फकीरडीह तक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने वहां की समस्या की जानकारी ली तथा समस्या के निराकरण के लिए विचार विमर्श किया। विचार विमर्श करने के बाद टीम ने सभी सड़कों के जंक्शन से पहले स्पीड लिमिट का साइन बोर्ड लगाने, नाइट विजन रिफ्लेक्टर लगाने, मुख्य सड़क की इंट्री से पहले रंबल स्ट्रीप लगाने सहित सुरक्षा के दृष्टिकोण से अन्य आवश्यक निर्णय लिए। टीम में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार, डीएसपी मुख्यालय १ शंकर कामती, अंचल अधिकारी गोविंदपुर तथा एनएचएआई के पदाधिकारी शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### तनवीर आलम ने किया कई ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

रिपोर्ट- अविनाश मंडल



पाकुड़ःपाकुड़ शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत इसाकपुर बलरामपुर,नवदा इलामी ,तारानगर ग्रामीण इलाकों का दौरा किया। तनवीर आलम ने विधानसभा चुनाव के बाद यह पहला दौरा किया। तनवीर आलम ने कांग्रेस कार्यकताओं से मिले साथ ही आम जनता से भी रूबरू हुए। प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने ग्रामीणों को संबोधित कर कहा की विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए कांग्रेस कार्यकताओं एवं कांग्रेस समर्थकों ने कड़ी मेहनत की मैं पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की जनता का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मसारुल हक, पप्पू गंगवानी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शहीन परवेज, मुखिया मोजीबूर रहमान, समद सेख, हबीबुर सेख एवं अन्य उपस्थित रहे.

### परियोजना निदेशक ने pvt गाँव का सर्वे रिपोर्ट का सत्यापन किया



**साहिबगंजः** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती के निदेशानुसार आज परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास के द्वारा सुदूरवर्ती गांव बिजूलिया पहाड़ के पहाड़िया गांव PMJANMAN योजना तहत आंगनवाड़ी सेविका के द्वारा pvt गाँव का सर्वे रिपोर्ट का सत्यापन किया गया।ज्ञात हो कि पुरे जिले मे अबतक 538 pvt गांव है जिसमे अब तक 165 गांव का हीं सर्वे हो पाया है।इस सर्वे से pvt गांव मे मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।परियोजना निदेशक आईटीडीए के द्वारा पीभीटीजीएस गांव कि श्रेणी में रखे जाने वाले माप दण्डों का जायजा लिया ।

### गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की छापेमारी बाइक से अवैध हथियार बरामद




**धनबाद** गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारी के द्वारा मिले निर्देश के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था नौशाद आलम के नेतृत्व में गोंदडीह ओ.पी. अंतर्गत भूली फाटक के पास वाहन जांच अभियान के दौरान एक बाइक से अवैध हथियार की बरामदगी की गई। वाहन जांच के क्रम में स्थानीय पुलिस ने एक मोटर साईकिल चालक अमन कुमार उम्र-करीब 20 वर्ष पिता-नरेश पंडित सा-आजादनगर नियर सरकारी विद्यालय थाना-भूली ओ.पी. जिला-धनबाद की संदिग्ध गतिविधि को देखकर रूकने को कहा ।इसके बाद तलाशी के दौरान एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, तीन 315 बोर की जिंदा कारतूस एवं पांच 7.65 टट की जिंदा कारतूस को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा स्वीकारोक्ति बयान में केंदुआडीह थाना कांड संख्या-86/2024 दिनांक-25.08.2024 धारा-109 (1) / 3 (5) भा.न.सं. एवं 27 आर्म्स एक्ट में भी संलिप्तता की बात स्वीकार किया गया। 1. अभियुक्त का नाम पता- अमन कुमार उम्र-करीब 20 वर्ष पिता-नरेश पंडित सा-आजादनगर नियर सरकारी विद्यालय थाना-भूली ओ.पी. जिला-धनबाद 2. जप्त सामान का विवरण- एक पिस्टल एक देशी कट्टा तीन 315 बोर की जिंदा गोली पांच 7.65 MM की जिंदा गोली एक होंडा शाइन 125 मोटरसाइकिल जिसका रजि. सं.-खल10-उव-7750 3. छापामारी टीम में पुलिस पदाधिकारी का नाम नौशाद आलम पुलिस उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) धनबाद, राजन कुमार झा ओ.पी. प्रभारी गोंदूडीह, स.अ.नि. अनिल तिग्गा, आरक्षी 1749 रामकिशुन कुमार, आरक्षी 446 दीपक कुमार महतो शामिल थे।

### मंडरो में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य हुआ प्रारंभ

**मंडरोः** मंडरो में शनिवार को कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों का बनाया गया ।जिसमें काफी संख्या में राशन कार्ड धारी पहुंचे हुए थे ।इस आयुष्मान कार्ड के माध्यम से भारत सरकार 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने हेतु राशन कार्ड धारी को लाभ दे रही है ।जिससे कार्ड धारी 5 लाख तक का इलाज कराने के लिए मुफ्त आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इसका लाभ ले सकते हैं। वही बताया गया की मंडरो प्रखंड में एक सप्ताह तक कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।

### आभा देवी को बहुजन फोर्स महिला विंग बोकारो जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया



**बोकारो** बहुजन फोर्स ने आभा देवी को महिला विंग का बोकारो जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया. सभी सदस्यों ने मुझसे शिष्टाचार मुलाकात करने के बाद संगठन को आगे बढ़ाने की विशेष चर्चा की. आभा देवी ने कहा कि बहुजन फोर्स में आज मुझे जो जिम्मेदारी दिया है, मैं उस जिम्मेदारी को मैं भारतीय संविधान तथा भारतीय कानून के तहत अपने जिला बोकारो में बिना किसी भेदभाव, जाति, धर्म देखे बिना निष्पक्ष होकर लोगों शोषित वंचित लोगों को न्याय दिलाने में ज्यादा से ज्यादा सहयोग करूंगी तथा महिला सशक्तिकरण पर मेरा विशेष ध्यान होगा और विशेष समुदाय के लोग जो ग्रामीण एरिया में है जो समाज के पिछड़े वंचित हैं, मैं उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए घर घर जाकर विशेष अभियान चलाऊंगी. साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों तक संगठन के माध्यम से उनको सहयोग पहुंचने का काम करूंगी ' मौके पर मुख्य रूप से रामदुलारी देवी, सुनैना देवी जयमाला देवी वीणा देवी, अमरावती देवी, बालिका देवी, सचना देवी, पिंकी देवी पतनी देवी, मंजू देवी, व अन्य महिलाएं उपस्थित थी.

### खेत से धान का पुआल हटाने के लिए वृद्ध के साथ मारपीट की गई

रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह

औरंगाबाद :- कासमा थाना क्षेत्र के ढेकही गांव में शनिवार को खेत से धान का पुआल हटाने के लिए वृद्ध के साथ मारपीट की गई। घायल 60 वर्षीय रामदास राम का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में किया गया। घायल की स्थिति गंभीर होने के कारण ड्यूटी पर रहे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में घायल वृद्ध ने बताया कि खलिहान में थ्रेसर से धान की कटाई करा रहे थे। धान का पुआल उड़कर संतोष पाल के खेत में चला गया। इसी क्रम में संतोष के पुत्र आनंद पाल आया और कहने लगा कि मेरे खेत से तुम्हारे धान का पुआल आ गया है। इतना कहकर मारपीट करने लगा।

# बलियापुर सीओ के नेतृत्व में सड़क के किनारे से हटाया गया अतिक्रमण

**धनबाद** बलियापुर अंचल अधिकारी बलियापुर श्री प्रवीण सिंह के नेतृत्व में बलियापुर मुख्य चौराहा के चारों तरफ की ओर सड़कों से आंशिक अतिक्रमण हटाया गया । जिसमें थाना प्रभारी आशीष भारती पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। अंचल अधिकारी ने बताया कि नाली के ऊपर जो पाथवे बना है उसपर दुकानदारों के द्वारा सामान वगैरा रखकर अतिक्रमित कर दिया गया है, जिसके कारण पैदल चलने वाले राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है । पाथवे के अतिक्रमण को हटा दिया गया है। अंचल अधिकारी ने शेष अतिक्रमण को 24 घंटे के अंदर अपना अतिक्रमण स्वयं हटाने हेतु निर्देशित किया है ' दिए गए समय सीमा पर अतिक्रमण नहीं हटाने पर अंचल प्रशासन के द्वारा सोमवार को पुनः बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा, वैसी स्थिति में अतिक्रमण हटाने में होने वाले खर्च की वसूली सर्टिफिकेट केस दायर कर संबंधित अतिक्रमणकारी से की जाएगी। सड़क के किनारे वाहनों के खड़े होने से जाम की समस्या और भी प्रबल



हो जाती है ऐसी स्थिति में अतिक्रमण हटने से यातायात सुगम हो सकेगा। किसी भी एंबुलेंस या जरूरतमंद को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा ' अंचल अधिकारी ने बताया कि आदेश का उल्लंघन करने वाले अतिक्रमणकारियों पर लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 के तहत कानूनी करवाई की जाएगी 'उन्होंने सभी व्यवसाईयों से अतिक्रमण हटाने में सहयोग की अपील की है ' यह भी अनुरोध किया है कि आप स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा ले ताकि किसी प्रकार के बल प्रयोग की जरूरत ही ना पड़े 'अंचल अधिकारी ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग की सराहना की है । साथ ही धैर्य पूर्वक व्यवसाईयों की समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया है ' अंचल अधिकारी ने बताया कि आज जिस प्रकार अन्य शहरों में जाम की समस्या बढ़ गई है वह दिन दूर नहीं जब बलियापुर में भी ऐसी स्थिति आ सकती है ' इसलिए आप सभी हमारा सहयोग करें प्रशासन आपके लिए सदैव तत्पर है और रहेगा 'अतिक्रमण हटाने में अंचल बलियापुर की पूरी टीम जिसमें अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, अंचल अमीन एवं चौकीदार उपस्थित थे।

# 555 सीएफटी बालू लदे 6 ट्रैक्टर जब्त

## बिना चालान कर रहे थे परिवहन

**धनबाद** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए कलियासोल के अंचल अधिकारी श्री अशोक कुमार सिन्हा ने अवैध ढंग से बालू का परिवहन कर रहे 6 ट्रैक्टर जब्त किए। ट्रैक्टरों पर लगभग 555 सीएफटी बालू लदा था। किसी भी ट्रैक्टर के पास परिवहन चालान नहीं था। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए अंचल अधिकारी ने बताया कि शनिवार को सुबह लगभग 5.15 बजे अंचल के होमगार्ड अरविंद यादव, मिथिलेश कुमार, रंजीत कुमार, राजेश कुमार, रामापति कुमार, प्रवेश कुमार मंडल तथा कालुबथान ओपी के आरक्षी अरुण कुमार महतो, पंकज कुमार महतो के साथ बलियापुर



पतलाबाड़ी रोड में छापामारी अभियान चलाया। अभियान के तहत बलियापुर पतलाबाड़ी रोड में बालू लदे 6 ट्रैक्टर को परिवहन करते पाया गया। टीम को देखकर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गए। अंचल अधिकारी ने बताया कि ट्रैक्टर संख्या जेएच 10 बी.ई. 6883, जेएच 10 बी.जे. 1591 तथा एक बिना नंबर के ट्रैक्टर पर 95 - 95 सीएफटी तथा ट्रॉली संख्या जेएच 10 बी.ए. 1131, ट्रैक्टर संख्या जेएच 10 ए.जी. 9804 एवं जेएच 10 बी.एल. 3894 पर 90 - 90 सीएफटी बालू बिना परिवहन चालान के पाया गया। सभी ट्रैक्टरों के विरुद्ध जे.एम.एम.सी. नियमावली, 2004, के नियम 54 के तहत जुमार्ना हेतु कार्रवाई की जाएगी।

# बाबा हरिहरनाथ मंदिर में हाजीपुर रेलवे जीएम छात्ररसल सिंह ने पूजा अर्चना की

**सोनपुर** , 07 दिसम्बर (आरएनएस)। बाबा हरिहरनाथ मंदिर मे पहुंचने पर रेलवे जीएम हाजीपुर छात्ररसल सिंह ने मंदिर मे पूजा अर्चना और रुद्रभिषेक किया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की मंदिर मे पूजा अर्चना सुशीलचंद्र शास्त्री भूटकून बाबा बमबम बाबा राहुल बाबा पवन बाबा सदानंद बाबा ने मन्त्रोंउच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराया इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने अंग वस्त्र बुके और मंदिर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर सोनपुर डीआरएम विवेक शुद श्री योगेश कुमार एडीआरएम सोनपुर श्री रविन्द्र राज डीएन राय मंदिर सचिव विजयलाला डीएसपी राहुल कुमार हरिहरनाथ थानाध्यक्ष



स्वर्ना सुप्रिया सहित अनेक लोग उपस्थित थे इस अवसर पर जीएम साहब ने मंदिर कमिटी को धन्यवाद दिया और बेवस्था की सराहना की और कहा की मंदिर मे हमसे जितना सहयोग होगा हम जरूर करेंगे और मंदिर मे पूजा करने आते रहते है सोनपुर मेला मे बाबा हरिहरनाथ पर लाखो लोगो ने जल चढ़ा कर पूजा अर्चना किया और सुख शांति की कामना की ज्ञात हो की बाबा हरिहरनाथ मंदिर पूरा देश पहला ऐसा मंदिर है जहाँ हरी और हर दोनों है इस मंदिर मे देश और विदेश के लोग भी पूजा करने बराबर आते रहते है स्वागत से जीएम साहब काफी खुश हुए और कहा की मंदिर मे आने के बाद बहुत अच्छा लगता है और मन को शांति मिलती है।

# ब्यूटी सेवाओं का नया चेहरा: बिल्लू सैलून ऐप, अब आपकी उंगलियों पर उपलब्ध होंगी ब्यूटी सेवाओं

**नई दिल्ली,** 07 दिसंबर (आरएनएस)। भारत में ब्यूटी अनुभव को पूरी तरह से बदलते हुए बिल्लू सैलून ऐप एक नई क्रांति लेकर आया है। 2019 में लॉन्च हुआ यह ऐप ग्राहकों और सैलून के बीच की दूरी को कम कर रहा है। चाहे आप घर बैठे आरामदायक सेवा चाहते हों या सैलून में स्पेशल ट्रीटमेंट, बिल्लू सैलून आपकी हर ब्यूटी जरूरत का हाल है। तुरंत बुकिंगः लंबी लाइनों से छुटकारा पाएं, नो वेट अपॉइंटमेंट्स से सेवाएं लें। घर पर सैलून सेवाः सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक पेशेवर सैलून सेवा आपके दरवाजे पर उपलब्ध होगी। खोजें और तुलना करेंः आप रिव्यू, सेवाओं और खास डील्स को आसानी से एक्सप्लोर कर सकते हैं।फ्लेक्सिबल पेमेंटः ऑनलाइन या सैलून में जैसा आप चाहें पेमेंट कर सकते हैं।सैलून और फ्रीलांसर्स को उनके बिजनेस को बढ़ाने में मदद करते हुए, बिल्लू सैलून ऐप पार्टनर्स के लिए एक परफेक्ट टूल है। अपनी पहुंच को बढ़ाएँः अपने क्षेत्र में व्यापक ग्राहक आधार का लाभ उठाएं। सैलून या घर कहीं भी दे सकते हैं सेवाएंः ग्राहक संतुष्टि बढ़ाएं और बुकिंग बढ़ाएं। आसान प्रबंधनः बुकिंग, काम के घंटे और स्टाफ का कैलेंडर आसानी से संभालें। मुनाफा बढ़ाएंः ऑफर पेश करें, परफॉर्मेंस ट्रैक करें और ग्राहक वफादारी बढ़ाएं।मार्केटिंग का लाभ उठाएंः बिल्लू के प्लेटफॉर्म के जरिए अपने व्यवसाय को प्रमोट करें।बिल्लू सैलून ऐप के संस्थापक *निलेश कोठारी का कहना है, ह्लहम ग्राहकों और सैलून मालिकों दोनों के लिए ब्यूटी अनुभव को पूरी तरह बदलने के मिशन पर हैं। ग्राहकों के लिए उनके ब्यूटी प्रोटेक्ट तक आसानी से पहुंच और सैलून मालिकों के लिए हम उनके व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाले टूल्स देते हैं। बिल्लू के साथ ब्यूटी केवल एक सेवा नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। ग्राहक तुरंत सेवा चाहते हैं, और देरी अक्सर रद्दीकरण का कारण बन सकती है। बिल्लू के नो वेट अपॉइंटमेंट फीचर से ग्राहक बिना किसी देरी के सेवा प्राप्त करते हैं, जो संतुष्टि और वफादारी दोनों को सुनिश्चित करता है। बिल्लू सैलून ऐप की यूजर प्रियंका सिंह कहती हैंः ह्लबिल्लू सैलून ऐप एक गेम-चेंजर है! चाहे मैं घर पर हूं या सैलून में, यह ऐप सब कुछ आसान बना देता है। वहीं रोहित शर्मा अपने रिव्यू में लिखते हैंः ह्लतुरंत बुकिंग से लेकर शानदार डील्स तक, बिल्लू ने मेरे ग्रूमिंग अनुभव को पूरी तरह बदल दिया है। ब्यूटी उद्योग में बदलाव लाने वाले इस आंदोलन का आप भी हिस्सा बन सकते हैं। बिल्लू सैलून ऐप डाउनलोड करें और सैलून सेवाओं को नए सिरे से कहीं भी, कभी भी परिभाषित करें।2019 से बिल्लू भारत का प्रमुख सैलून बुकिंग ऐप रहा है। ग्राहकों को अद्वितीय सेवाएं प्रदान करने और सैलून मालिकों को विकास के लिए उपकरण देने की दृष्टि के साथ, बिल्लू ब्यूटी और ग्रूमिंग को सुलभ और आनंददायक बनाने में अग्रणी है।

# लैंपस का जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने निरीक्षण किया

रिपोर्ट- अविनाश मंडल

पाकुड़ःमहेशपुर प्रखंड अंतर्गत दमदमा लैंपस का शनिवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने निरीक्षण किया। डीएसओ ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जो किसानों के हित में है धान अधिप्राप्ति योजना को लेकर लैंप्स सदस्य सचिव को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों का निबंधन कराने और सरकार की प्रक्रिया के माध्यम से ही धान क्रय करने हेतु निर्देश दिया गया एवं किसानों को जागरूक करने का निर्देश दिया है। साथ ही नियमित रूप से लैंपस खोलने का निर्देश दिया। किसानों के बीच



जाकर किसान मित्र जागरूकता अभियान चलाएं। अधिक से अधिक किसान लैंपस के माध्यम से धान की बिक्री करें। ऑनलाइन धान का पैसा किसान के खाते में भेजा जाएगा। मौके पर लैंप्स सदस्य सचिव एवं कंप्यूटर ऑपरेटर शमीम अख्तर आदि मौजूद थें।

# केकेएन स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय स्कूल ओलंपिक चैंपियनशिप के तीसरे संस्करण का समापन



देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा

स्थानीय केकेएन स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय स्कूल ओलंपिक चैंपियनशिप के तीसरे संस्करण का समापन काफी धूमधाम से संपन्न हो गया।।इस चैंपियनशिप में कुल 13 खेलो के लिए 1530 खिलाड़ियों ने भाग लिया।।इस वर्ष भी डिवाइन पब्लिक स्कूल 35 गोल्ड 9 सिल्वर 17 ब्रॉन्ज के साथ चैंपियन हुई।।जबकि आर के बी वी एम 19 गोल्ड 19 सिल्वर 15 ब्रॉन्ज के साथ उप विजेता बनी।।वहीं चौथे संस्करण के लिए मैस्कॉट का अनावरण किया गया ।चौथा स्कूल ओलंपिक 22 नवंबर 2025 से 24 नवंबर 2025 तक आयोजित होगा।। विजेता टीम को ट्रॉफी देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवारे के हाथों से दिया गया जबकि वह विजेता टीम को ट्रॉफी ओलंपिक संघ के गेम प्लानिंग कमेटी के अध्यक्ष आशीष झा उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह संजय मालवीय मनोज मिश्रा,कृष्णकुमार बर्नवाल और कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा के हाथों दिया गया।।। एकल प्रतियोगिताओं के ग्रुप चैंपियन को भी ट्रॉफी प्रदान किया गया एथलेटिक्स में २२ मधुपुर बैडमिंटन में संत फ्रांसिस देवघर योग में कास्टर टाउन डीएवी, ताइक्वांडो में डिवाइन पब्लिक स्कूल कराटे में डिवाइन पब्लिक स्कूल,बेस्ट मार्च पास्ट के लिए आर के वि वि एम, चेस में आर के बी वी एम ने ट्रॉफी जीता।। कब्बड्डी बालक में केवीएस मधुपुर विजेता जबकि पागल बाबा स्कूल उपविजेता हुआ।।बालिका में माउंट लीटेरा विजेता जबकि उपविजेता पागल बाबा हुआ।। *अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने कहा कि ये शानदार आयोजन ओलंपिक संघ के सभी सदस्यों के अथक प्रयास से संभव हो पाया और मैं विश्वास दिलाता हूं कि ये खेल और भी भव्य होता रहेगा इसमें किसी तरह का स्पॉन्सर्ड से मदद नहीं लिया जाएगा।।जो भी आर्थिक सहायता होगी मैं उसके लिए तैयार हूं और सदा रहूंगा।।* विजेता उपविजेता सहित सभी स्कूल के प्रधानाध्यापक खेल टीचर की तारीफ करते हुए अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने कहा कि स्कूल पढ़ाई के साथ साथ खेल पे इतना मेहनत कर रहा इसी का नतीजा है कि आज लगातार प्रतियोगिता में बच्चों की भागीदारी बढ़ती जा रही है ।इस आयोजन को सफल बनाने में वॉलीबॉल संघ के मुख्य संरक्षक जेसी राज सहित दीपक,गौरव , बंटी नंदन सिंह,रजनी,सौरभ सिंह,अवधेश ,प्रदीप,अंकेश,यश गुप्ता,रवि, टिंकू सिंह,लालू,आलोक,दुर्गेश,कौशल ,मोनू,घनश्याम,आशीष ,गिरधारी, प्रवीर,विप्लव, गौतम,आलोक बोस,प्रीतम भारद्वाज,राहुल राय,रमेश कुमार,शिबू सिंह सहित सभी खेल के तकनीकी पदाधिकारियों का योगदान अहम रहा।।

# आर मित्रा उच्च विद्यालय में एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान के तहत छात्रों ने निकाली रैली

देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा

आर मित्रा उच्च विद्यालय में एचआईवी एड्स ,यौन संचारित रोग , विश्व एड्स जागरूकता अभियान के तहत आर मित्रा उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं,एन सी सी कैडर के साथ एक रैली निकाली को हरी झंडी डालसा सचिव मयंक टोपनो, प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पीके शर्मा, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ एम के गुप्ता, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ संचयन, आर मित्रा उच्य विद्यालय के प्रचार्य द्वारा किया गया। रैली से पूर्व प्रार्थना सभा में सभी छात्र -छात्रों को सम्बोधित किया गया कि एड्स की शुरूआती तौर पर पहचानना कठिन होता है कि एचआईवी शरीर प्रवेश हो चुका है। असु-



रक्षित यौन संबंध एड्स का प्रमुख कारण है। विषय में बताया गया कि एड्स के वायरस एचआईवी किसी व्यक्ति से शारीरिक संपर्क से पहुंचत कर चुका है । असुरक्षित यौन संबंध प्रमुख कारण है। अचानक वजन कम होने लगना, तेज बुखार आना, लगातार खांसी आना ,गले जांघों में लसीका ग्रंथियों के सूजन से गांठ पड़ना। सारे शरीर में खुजली जलन होना निमोनिया टीवी स्किन कैंसर जैसी तकलीफ होने लगा तो एड्स का टेस्ट करवाने में देरी नहीं करनी चाहिए। एड्स का टेस्ट सदर अस्पताल में मुफ्त होता है। भ्रांतियां मिटा दो जमाने से ऐडस नहीं फैलता है साथ खाने से, जो सुरक्षा से दोस्ती तोड़ेगा वह एक दिन दुनिया भी छोड़ेगा, सबको एड्स के प्रति जागरूक करना है ऐड को जड़ से उखाड़ कर फेंकना है, एड्स से बचाव का कर लो संकल्प इस बीमारी से लड़ने का है यही विकल्प, अपने रिश्ते के प्रति रहे वफादार नहीं बनेंगे एड्स के भागीदार, एड्स जागरूकता अभियान चलाना है एड्स पीड़ित को उचित सम्मान दिलाना है, आओ मिलकर यह कसम खाएं एड्स को हम सभी मिलकर जड़ से मिटाए, एड्स ही जानलेवा बीमारी इसे मिटाना हम सब की जिम्मेदारी। इन सब नारों के साथ शहर गुंजायमान रहा। रैली में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका स्वास्थ्य विभाग के डीपीसी प्रवीण सिंह, एस टी टी राजेश रॉय, सुधांशू पांडये, बी टी टी शंकर दयाल, कासिम,महेंद्र, सदर अस्पताल काउंसलर अंजन कुमार लैब टेक्नीशियन बबलू दास प्रभात कुमार , राजेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा ही जीवन जीने की श्रेष्ठ पद्धति है :- डॉ धनंजय

रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह

औरंगाबाद / जिले सुप्रसिद तथा प्रतिष्ठित लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के सिद्धार्थ सभागार में शनिवार को विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के लिए एक प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन लॉर्ड बुद्धा संस्थान समूह के चेयरमैन डॉ. धनंजय कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर सर्वेश कुमार, प्राचार्य मनोज कुमार, परिसर मैनेजर गौतम कुमार, एचएम अपेक्षा ठाकुर, डॉ आरके सीन, एलसीएम प्राचार्या रंजना रंजन व काजल पांडे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित आधुनिक शिक्षा विशेषज्ञ संदीप कुमार कोलकाता से पधारे थे। चेयरमैन डॉ. धनंजय कुमार ने अपने उद्घाटन भाषण में शिक्षकों के कर्तव्यों और उनकी कार्यशैली पर प्रकाश डाला। उन्होंने भगवान बुद्ध के जीवन के प्रेरणादायक उदाहरणों का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे शिक्षकों को अपने छात्रों की मानसिक, शारीरिक और शैक्षिक आवश्यकताओं को समझते हुए उन्हें उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षण केवल एक पेशा नहीं है, व्यवसाय नहीं है बल्कि जीवन जीने की श्रेष्ठ पद्धति है। आधुनिक शिक्षा विशेषज्ञ संदीप कुमार ने



संचार कौशल का विकास, व्याकरण की अवधारणाओं की शिक्षा, शिक्षण में कला का एकीकरण और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों जैसे विषयों पर गहन जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों को व्यावहारिक उदाहरणों और तकनीकों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार छात्रों की रुचि को बढ़ाते हुए शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी और आकर्षक बनाया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों को यह भी सिखाया कि कैसे आधुनिक तकनीक और रचनात्मकता का उपयोग करके छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकता है। कार्यशाला में शिक्षकों को न केवल शिक्षण के आधुनिक पहलुओं से परिचित कराया, बल्कि उन्हें आत्म-आकलन और नई शिक्षण तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित भी किया। यह आयोजन शिक्षकों के लिए काफी ज्ञानप्रद रहा जो भविष्य में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों के सर्वांगीण विकास को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में सहायक सिद्ध होगा।

# मो.रफ़ी के भजनों में 'धर्मांतरण' ढूंढते सोनू निगम का 'कॉमन-सेंस' देखिए!

## >> विचार

> "आज भी बनारस में ऐसे लोग मिल जायेंगे जिन्होंने भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ को 'मंदिर के सामने शहनाई बजाते' देखा है। विष्णु के अवतारों पर आधारित ध्रुपद गायकी का सबसे प्रसिद्ध घराना डागर बंधुओं का है जो मुस्लिम हैं। पं. रविशंकर जैसे विश्वप्रसिद्ध सितारवादक और संगीतकार की प्रेरणा और सिद्धि के पीछे उनके उस्ताद अलाउद्दीन खां थे। 'आफ़ताब ए सितार' उस्ताद विलायत अली खाँ, मशहूर तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा खाँ और उनके बेटे ज़ाकिर हुसैन, सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खाँ जैसे 'मुसलमानों' को दरकिनार करके क्या भारतीय शास्त्रीय संगीत की बात भी हो सकती है? यह आश्चर्य की बात है कि भारतीय परंपरा में रची-बसी सच्चाई सोनू निगम जैसे लोगों को 'आश्चर्यचकित' कर रही है।

**पंकज श्रीवास्तव**





गोवा में आयोजित 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म फेस्टिवल में सोनू निगम ने हिंदुस्तानी फ़िल्म संगीत परंपरा में 'अमरत्व' हासिल कर चुके दिवंगत महान गायक मो. रफ़ी साहब को जिस अंदाज़ में श्रद्धांजलि दी वह हैरान करने वाला है। सोनू निगम ने कहा कि "वो नमाज़ी आदमी थे। मुसलमान थे फिर भी भजन गाते थे जैसे कोई हिंदू गा रहा हो। मुझे समझ नहीं आता कि आख़िर वो गायकी में धर्म-परिवर्तन कैसे कर लेते थे? फ़िल्मों में आने से पहले स्टेज पर मो. रफ़ी के सुरों की नक़ल करके पहचान बनाने वाले सोनू निगम ने अपनी समझ से मो. रफ़ी की प्रशंसा ही की थी, लेकिन उनके शब्द बताते हैं कि वे एक बड़ी 'नासमझी' के शिकार हो चुके हैं। कुछ समय पहले सुबह की अज़ान से भी तकलीफ़ जता चुके सोनू निगम का बयान दरअसल उस 'नव-हिंदू का बयान है जिसके 'कॉमन सेंस' का एक राजनीतिक अभियान ने अपहरण कर लिया है। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद इस 'नव-हिंदू' की नज़रों पर हिंदू-मुस्लिम बाइनरी का चश्मा उसी तरह चढ़ा दिया गया है जैसे कि ताँगे के घोड़ा की आँख पर चमड़े की पट्टी (हॉर्स ब्लाइंडर्स) चढ़ा दी जाती है ताकि उसकी दृष्टि 180 डिग्री देखने के बजाय महज़ 30 डिग्री तक सीमित हो जाये। वह अगल-बगल कुछ न देखकर सामने के रास्ते को ही देख पाता है। 'नव हिंदू' भी 'हिंदू-मुस्लिम' के अलावा कुछ देख पाने में असमर्थ है। सोनू निगम को आश्चर्य हो रहा है कि मो. रफ़ी 'मुसलमान' और 'नमाज़ी' होने के बावजूद 'भजन' कैसे गा लेते थे? सोनू निगम के इस वाक्य पर ग़ौर करना चाहिए जिसमें वे पूछ रहे हैं कि 'मो. रफ़ी गायकी में धर्म परिवर्तन कैसे कर लेते थे?' दरअसल, सोनू निगम फ़िल्म संगीत का इतिहास भूल चुके हैं, वरना यह उन्हें बेहद सहज बात लगती। 'मन तड़पत हरि दर्शन को आज' जैस श्रेष्ठतम फ़िल्मी भजन को 'मुसलमान' मो. रफ़ी ने ही नहीं गाया था, इसे लिखा भी एक मुसलमान ने था जिसका नाम था शकील बदायूँनी और सुरों से सजाने वाला संगीतकार भी मुसलमान था, यानी नौशाद। इन लोगों ने ऐसी न जाने कितनी रचनाएँ 'पक्का मुसलमान' रहते हुए ही की थी। उन्हें इसके लिए 'धर्म-परिवर्तन' की ज़रूरत नहीं पड़ी थी। उनके लिए 'सुर' और 'शब्द' उस ईश्वर से लौ लगाने का ज़रिया थे जो हिंदू-मुसलमान सभी का है। वे अपने हुनर को साधते हुए वहाँ जा पहुँचे थे जहाँ इस्लाम का तौहीद (अल्लाह एक है, दूसरा कोई नहीं) और 'एको अहं द्वितीयो नास्ति, न भूतो न भविष्यति' (मैं एक ही हूँ, दूसरा कोई नहीं, न हुआ है, न होगा) के अद्वैत सिद्धांत में कोई फ़र्क़ नहीं रह जाता। फ़िल्मों में भजन गाने वाले मुस्लिम गायकों और उसका संगीत सजाने वाले मुसलमानों की एक लंबी फ़ेहरिस्त है। उस्ताद बड़े गुलाम अली खाँ के अविस्मरणीय भजन 'हरि ओम तत्सम' को सोनू निगम ने सुना न हो, ऐसा हो नहीं सकता। मो. रफ़ी अगर फ़िल्मी भजनों की सबसे पसंदीदा आवाज़ थे तो शकील बदायूँनी ने एक से बढ़कर एक भजन लिखे। 'मोहे पनघट पे नंदलाल छेड़ गयो रे' और 'ओ दुनिया के रखवाले, सुन दर्द भरे मेरे नाले..' जैसी अमर रचनाएँ शकील बदायूँनी के क़लम से ही निकली हैं। साहिर लुधियानवी का लिखा 'हे रोम-रोम में बसने वाले राम, जगत के स्वामी हे अंतर्यामी, मैं तुझसे क्या माँगूँ' को कौन भूल सकता है। नये दौर में जावेद अख़्तर ने भी कई मशहूर भजन लिखे हैं। युगांधर फ़िल्म की आरती 'वह कृष्ण कन्हैया मुरलीधर, मनमोहन कुंज बिहारी है, गोपाल मनोहर दुःख इंजन घनश्याम अतल बनवारी है' मशहूर है जिसमें उन्होंने कृष्ण के 108 नामों का इस्तेमाल किया है। फ़िल्म लगान का मशहूर गीत 'मधुबन में जो कन्हैया किसी गोपी से मिले, कभी मुस्काये कभी छेड़े कभी बात करे, राधा कैसे न जले, राधा कैसे न जले' भी जावेद अख़्तर की क़लम से ही निकला। जावेद अख़्तर तो घोषित नास्तिक हैं। यानी वे धर्म-परिवर्तन भी नहीं कर सकते थे फिर भी राधा-कृष्ण आख्यान को अपनी सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा मानकर उन्होंने डूब कर लिखा। फ़िल्म संगीत ही नहीं, आमतौर पर देवताओं को समर्पित भारतीय शास्त्रीय संगीत परंपरा भी 'अल्लाह वालों' के योगदान से खूब चमकी-दमकी है। यह सिलसिला सल्तनत काल में ही शुरू हो गया था जो मुग़ल और उत्तर मुग़लकाल में आसमान को छूने लगा। कौन भूल सकता है कि अलाउद्दीन ख़लिजी सहित कई सुल्तानों के दरबारी रहे अमीर ख़ुसरो ने न सिर्फ़ तबले का आविष्कार किया बल्कि सितार के आविष्कार का श्रेय भी उन्हें ही दिया जाता है। साथ ही उन्होंने सैकड़ों नये रागों का निर्माण और ख़्याल गायन शैली का आविष्कार भी किया। तूती-ए-हिंद (हिंद का तोता) कहलाने वाले अमीर खुसरो के लिखी 'छाप तिलक सब छीनी, मोसे नैना मिलाय के' जैसी क़व्वाली पर झूमने वालों में क्या धर्म के आधार पर भेद किया जा सकता है? आज भी बनारस में ऐसे लोग मिल जायेंगे जिन्होंने भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ को 'मंदिर के सामने शहनाई बजाते' देखा है। विष्णु के अवतारों पर आधारित ध्रुपद गायकी का सबसे प्रसिद्ध घराना डागर बंधुओं का है जो मुस्लिम हैं। पं. रविशंकर जैसे विश्वप्रसिद्ध सितारवादक और संगीतकार की प्रेरणा और सिद्धि के पीछे उनके उस्ताद अलाउद्दीन खां थे। 'आफ़ताब ए सितार' उस्ताद विलायत अली खाँ, मशहूर तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा खाँ और उनके बेटे ज़ाकिर हुसैन, सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खाँ जैसे 'मुसलमानों' को दरकिनार करके क्या भारतीय शास्त्रीय संगीत की बात भी हो सकती है? यह आश्चर्य की बात है कि भारतीय परंपरा में रची-बसी सच्चाई सोनू निगम जैसे लोगों को 'आश्चर्यचकित' कर रही है। इससे पता चलता है कि उनका 'इतिहास-बोध' ध्वस्त हो चुका है। दिमाग़ पर कोई भ्रम तारी है और वह पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहा है। यह देश भर में सत्ता संरक्षण में जारी आरएसएस-बीजेपी के सांप्रदायिक अभियान का नतीजा है जिसने हिंदुओं से उनका 'कॉमन-सेंस' छीन लिया है। नव-हिंदुओं की यह प्रजाति 'मदरसा' शब्द सुनते ही नफ़रत से भर जाती है जबकि उसके पुरखों ने मदरसे से ही शिक्षा प्राप्त की थी। उसे लगता है कि 'वक़्फ़ बोर्ड' ज़मीन पर क़ब्ज़ा करने का मुसलमानों का कोई षड्यंत्र है जबकि 'वक़्फ़' मुसलमानों द्वारा ही सामाजिक और धार्मिक कार्यों के लिए दान की गयी सम्पत्तियाँ हैं। वक़्फ़ बोर्ड उनकी देखरेख के लिए बनाया गया है और क़ानून द्वारा संचालित हैं। इस बोर्ड में सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासनिक अफ़सर और अन्य प्रतिनिधि होते हैं। इनमें कोई गड़बड़ी है तो वह प्रशासनिक अमले की मिलीभगत से ही मुमकिन है जैसे कि अन्य विभागों में है। लेकिन नव-हिंदू को इस व्हाट्सऐप ज्ञान पर यक़ीन है कि वक़्फ़ बोर्ड के पास रेलवे और सेना के बाद सबसे ज़्यादा ज़मीन है और यह जहाँ भी हाथ रख देता है ज़मीन पर क़ब्ज़ा कर लेता है। जैसे उसे इस बात पर यक़ीन है कि मुसलमानों को सबक़ सिखाने के लिए मोदी जी आये हैं जो दरअसल, विष्णु के अवतार हैं। उन्होंने शास्त्र तो नहीं पढ़े लेकिन भगवतगीता के श्लोक 'यदा-यदा ही धर्मस्य' में वे मोदी जी के अवतार लेने की भविष्यवाणी देखते हैं। अफ़सोस कि कभी 'आपस में प्रेम करो देशप्रेमियों..' गाकर सौहार्द और सद्भाव फैलाने में अहम भूमिका निभाने वाला बॉलीवुड आज नफ़रत के बुख़ार से तप रहा है। इधर कई ऐसी फ़िल्में आयी हैं जो मुसलमानों को निशाना बनाने और नफ़रत फैलाने के मक़सद से बनायी गयीं। 'बँटेंगे तो कटेंगे' जैसी हिंसक नारेबाज़ी को बल दे सकने वाला नैरेटिव गढ़ने के लिए तमाम तरह की अफ़वाहों को सत्य बताकर पेश किया गया है। इस बुख़ार से तपते लोगों के लिए किसी मुसलमान का हिंदू धर्म और उसकी परंपराओं के प्रति सम्मान जताना असंभव सी बात है। सोनू निगम की हैरानी इसी की बानगी है जो धर्मान्धता का नतीजा है। आधुनिक विश्व में हिंदू धर्म का प्रतीक बनकर उभरे स्वामी विवेकानंद ने 'वेदांती मस्तिष्क और इस्लामी शरीर के मेल' को भारत का भविष्य बताते हुए धर्मांधता के ख़तरे के प्रति आगाह किया था। उन्होंने कहा था कि "धर्मान्धता एक भयानक बीमारी है। मनुष्यों में जितनी दुष्ट बुद्धि है, वह सभी धर्मान्धता द्वारा जगायी गयी है। इसके द्वारा क्रोध उत्पन्न होता है, स्नायु-समूह अतिशय तन जाता है और मनुष्य शेर जैसा हो जाता है। यहाँ शेर से आशय जानवर होने से है। अफ़सोस कि इस दौर में स्वामी विवेकानंद जैसा भगवा चोला पहनने वाले कई नेता और महंत हिंदुओं में इसी जानवर को जगाने में लगे हैं। सोनू निगम का 'स्नायु-समूह' भी इसीलिए तना-तना सा है और नफ़रत उनके सर चढ़कर मो. रफ़ी के भजनों में 'धर्म-परिवर्तन' खोज रही है।

## संपादकीय

# जनसाधारण को जागरूकता करने होगा

मिडिया रिपोट के अनुसार देश में एक साल में पांच लाख से ज्यादा सड़क हादसों में लोग अकाल मौत के शिकार हो जाते है तो इससे बड़ी चिंता की बात कोई नहीं हो सकती। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जब यह कहते हैं कि लोगों में कानून का डर नहीं है तो सीधे तौर पर उनका संकेत लापरवाह वाहन चालकों की तरफ भी है। साथ ही यह भी कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता भी कहीं न कहीं प्रभावित होती है। तभी तो गडकरी ने गलत काम पर ठेकेदारों को बुलडोजर के नीचे होने की चेतावनी तक दे दी। हादसों के कारण गिनाते हुए मंत्री ने कहा कि पांच लाख में से ज्यादातर मौतें वाहन चालकों की लापरवाही के कारण हुईं। इनमें तीस हजार से ज्यादा दोपहिया चालकों की मौत हेलमेट न लगाने से हुई। इसमें कोई संशय नहीं कि कोई भी अपराध या कोताही सभ्य नागरिक दायित्वों में कमी की तरफ इंगित करती है। लेकिन महज कानून बनाकर ही सरकारें अपने दायित्व को पूरा हुआ नहीं मान सकती। हर बार हादसों की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा माह व सप्ताह जैसे आयोजन होते हैं लेकिन सड़क हादसों के आंकड़े कम होने के बजाए पहले से ज्यादा होते जाते हैं। कारण साफ है कि यातायात नियमों की पालना व गुणवत्तायुक्त सड़कों का निर्माण दोनों ही दिशाओं में जितना काम होना चाहिए था उतना नहीं हो पा रहा। व्यवस्था दो तरह से सुधारी जा सकती है। पहली जागरूकता और नागरिकों में समझबूझ विकसित करके तथा दूसरी उनमें यह डर दिखाकर कि नियमों का पालन नहीं किया तो उन्हें इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। दोनों ही व्यवस्थाओं को जनता को अपने हित का मानकर चलना चाहिए। संदेश उन ठेकेदारों को भी देना होगा जो लालच में आकर सड़कों में लोगों के जीवन से खिलवाड़ करती खामियां छोड़ देते हैं। सही मायने में कानून का डर पैदा करना भी तंत्र की ही जिम्मेदारी है। निश्चित तौर पर व्यवस्था में कमियां हैं। कानून की पालना करवाने वाले अंगों का लचीला रुख और कई मामलों में भ्रष्टाचार का रवैया भी इसके लिए कम जिम्मेदार नहीं है। रही बात आधारभूत संरचनाओं और कई अन्य पहलुओं की। कई मामलों में हमने विदेशी तकनीक का अनुसरण किया है, तो फिर सड़क निर्माण और परिवहन व्यवस्था सुधार में ऐसा क्यों नहीं कर सकते? नवीनतम तकनीक से बनाए गए दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे तक में तकनीकी खामियां छोड़ दी जाएं तो इसे क्या कहेंगे? जाहिर तौर पर यातायात नियमों को लेकर जनसाधारण को जागरूक करने के साथ-साथ सिस्टम में घुसे भ्रष्ट तंत्र पर भी नकेल कसनी होगी जो जानलेवा हादसों के लिए जिम्मेदार है।

# घटक दलों से सामंजस्य की बनी रहेगी चुनौती

**वेद विलास उनियाल**



महाराष्ट्र में अपने विस्तार की इच्छा रखने वाली बीजेपी के लिए विधानसभा के नतीजों के बाद देंवेद्र फडणवीस के नाम पर शीर्ष नेतृत्व की सहमति होना स्वाभाविक था। आखिरकार देवेंद्र फडणवीस ने तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे में कुर्सियां बदल गई। हालांकि, प्रचंड बहुमत के बाद महायुति की राज्य सरकार जिस सहजता से बन जानी चाहिए थी उसमें एकनाथ शिंदे को सहमत कराने में 11 दिन लग गए। महायुति के प्रचंड बहुमत का श्रेय देवेंद्र फडणवीस को मिला। उन्होंने हर मोड़ पर शीर्ष नेतृत्व का भी भरोसा जीता। लोकसभा के परिणाम के बाद विधानसभा चुनाव महायुति के लिए काफी कठिन माना जा रहा था। महाविकास अघाड़ी से अकेले ढाई गुना सीट मिलने पर आभास हो गया था अब बीजेपी नेतृत्व अपने पास ही रखेगी। केवल जातीय समीकरणों की बिसात पर अगर मराठा नेता को नेतृत्व सौंपने की जरूरत होती तब फैसला बदल सकता था। इसके साथ ही यह संदेश दिया है कि पार्टी अपने लक्ष्यों को भूली नहीं है। लोकसभा चुनाव के परिणाम के साथ ही बीजेपी ने महाराष्ट्र पर फोकस कर दिया था। निश्चित आरएसएस भी महाराष्ट्र में सक्रिय हुआ। सीटों के समीकरणों के साथ कार्यकर्ताओं को धरातल पर काम करने के लिए प्रेरित किया गया। सहयोगी दलों के साथ अधिकतम सहमति के सिद्धांत पर काम किया गया। बीजेपी ने जिस सनातन के पहलू पर अपना फोकस किया राज्य में उसकी सबसे बड़ी आवाज देवेंद्र फडणवीस ही बने। बेशक रणनीतियों पर मुहर शीर्ष स्तर पर लगी हो लेकिन इसके सूत्रधार देवेंद्र फडणवीस ही रहे। एनडीए की सफलता में लाड़की बहन योजना, वोट का धुव्रीकरण, मोदी योगी का करिश्मा, अमित शाह का रणनीतिक चातुर्य काम आया हो लेकिन महाराष्ट्र में जीत के प्रांगण को सजाने की असली जिम्मेदारी देवेद्र फडणवीस को ही सौंपी गई थी। देवेंद्र फडणवीस के सामने कई अलग ढंग की चुनौतियां भी थी। मराठा आरक्षण की सियासत में एनसीपी नेता शरद पवार अगर किसी को उलझाना चाहते थे तो वह देवेंद्र फडणवीस ही थे। बेशक राज्य में एनडीए सरकार ने मराठा आरक्षण के मसले को सुझलाने के लिए अपने स्तर पर पहल कर दी थी। लेकिन मराठा आंदोलन में कुछ ऐसे जटिल पेंच कसे गए थे कि महाराष्ट्र विदर्भ के इस नेता के लिए यह चक्रव्यूह बन सकता था। देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी के अंदर और बाहर दोनों मोर्चों पर सधे हुए राजनेता की तरह कदम बढाए। 2014 में पहली बार सत्ता मिली तो उसे बेहतर ढंग चलाने की कोशिश की। महाराष्ट्र के नाटकीय राजनीतिक घटनाक्रम पर सरकार से दूर हुए तो विपक्ष के तेजतर्रार नेता के बतौर अपनी छवि को सामने रखा। बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने शिंदे को सत्ता सौंपने का निर्णय लिया तो अनुशासित कार्यकर्ता की तरह सहमति जताई। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर वह शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम बनने को तैयार हो गए। साथ ही उनकी एकनाथ शिंदे और अजित पवार के साथ भी बेहतर केमिस्ट्री रही। देवेंद्र फडणवीस पार्टी के अंदर विपरीत खेमों को भी अपने ढंग से साधते रहे। बीजेपी इस बात का आकलन करती रही है कि महाराष्ट्र की सियासत में शरद पवार किसी न किसी तरह एक धुरी बने रहते हैं। ऐसे में मराठा नेता शरद पवार के सामने बीजेपी का कोई नेता दमखम से सामने आ सकता था तो प्रमोद महाजन और गोपीनाथ मुंडे के बाद देवेंद्र फडणवीस में यह क्षमता देखी गई। राज्य में नेतृत्व के लिए चंद्रशेखर बावनकुले, विनोद तावड़े चंद्रकांता पाटिल और मुरलीधर मोहोल के नामों की भी चर्चा अलग अलग तरह से चली। लेकिन बीजेपी और संघ ने कई पहलुओं को देखते हुए आखिर देवेंद्र फडणवीस पर ही सहमति बनाई। महायुति के सामने महाविकास अघाड़ी के आकड़े भले ही झूल रहे हों लेकिन यह लड़ाई का अंत नहीं है। सही मायनों में शिवसेना बीजेपी के 1988 में एक मंच पर आने के बाद बीजेपी ने 2014 में एक मुकाम हासिल किया। 2019 में शिवसेना ने महसूस किया कि बीजेपी को नेतृत्व देकर वह सत्ता की भागीदार तो होगी लेकिन उसका संगठन दरकता चला जाएगा। ऐसे में वह कांग्रेस एनसीपी के पाले में जाने के लिए भी तैयार हो गई। लेकिन परिस्थितियां इस तरह बदली कि बगावत से निकली शिंदे शिवसेना धरातल पर भी ज्यादा मजबूत दिखी। इसी तरह एनसीपी अजित की बिसात में असली नकली का खेल ही बदल गया। आगे वर्चस्व बनाने का यह संघर्ष कई कोणों पर दिख सकता है। गौरतलब है कि जिस तरह चुनाव परिणाम के बाद शिंदे शिवसेना के तेवर दिखे हैं उसमें फडणवीस को आगे सजग रहना होगा। एकनाथ शिंदे के डिप्टी सीएम बनने के लिए जिस तरह लंबी कवायद चली उसमें आगे के लिए भी कुछ संकेत मिल जाते हैं। शिंदे शिवसेना की खींचतान बीजेपी से ज्यादा एनसीपी के साथ दिख सकती है। ऐसे में मंत्रिमंडल के गठन से लेकर आगे की तमाम गतिविधियों में महायुति में आंतरिक प्रतिस्पर्धा होना स्वाभाविक है। खासकर स्थानीय निकाय के चुनाव में भी अपनी ताकत और वर्चस्व के लिए खींचतान रूठना मनाना दिख सकता है। ऐसे में इन परिस्थितियों पर संतुलन बनाए रखने की जिम्मेदारी देवेंद्र फडणवीस पर ही होगी। महाराष्ट्र के आगे की सियासत में बीजेपी के लिए सरकार, संगठन और संघ में तारतम्य बनाने के साथ साथ साथी घटकों को साधने की भी जरूरत है। ऐसे में बीजेपी ने इस चुनौती भरे काम के लिए देवेंद्र फडणवीस की ओर देखा है। देवेंद्र फडणवीस के लिए इस दौर पर कुछ कठिन चुनौतियां भी हैं तो वोट की आंधी ने कुछ सहूलियत भी दी है। वर्ष 2019 में देवेंद्र फडणवीस ने सत्ता छिनने पर कहा था मैं समुद्र हूं लौट आऊंगा। आज सत्ता उनके हाथ में है। राज्य की बेहतरी के लिए अभिनव प्रयोग देवेंद्र फडणवीस को करने होंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# क्या कालजयी बन पाएगी टीम इंडिया

**विमल कुमार**

एडिलेड ओवल में बॉर्डर-गावसकर सीरीज का दूसरा मैच शुरू हो गया। भारत 5 मैचों की इस सीरीज में अभी 1-0 से आगे है। भारतीय क्रिकेट की हस्ती दुनिया और खासकर खेल के मैदान पर सबसे बड़ी चैंपियन टीम ऑस्ट्रेलिया में किस कदर बदल गई है, उसकी झलक देखने के लिए एक बार यहां आना चाहिए। साल 2008 में टेलिविजन रिपोर्टर के तौर पर जब मैंने पहली बार ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर कदम रखा, तो हरभजन सिंह बनाम एंड्रयू साइमंड्स का मंकीगेट कांड सुर्खियों में था। दोनों देशों के न सिर्फ खिलाड़ी आपस में भिड़ रहे थे बल्कि मैदान के बाहर दोनों तरफ का आक्रमक मीडिया भी आग में घी डालने का काम कर रहा था। इसका असर सामान्य ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट फैंस के नजरिये पर भी देखने को मिला।

**सचिन से नाराजगी:** ऑस्ट्रेलिया ने डॉन ब्रैडमैन के बाद अगर किसी को सबसे बेहतरीन क्रिकेटर माना, तो वह सचिन तेंडुलकर हैं। लेकिन, मंकीगेट का ऐसा असर हुआ कि सचिन के हरभजन का साथ देने से ऑस्ट्रेलियाई नाराज और मायूस हो गए। कुछ साल बाद एडम गिलक्रिस्ट ने अपनी किताब में इस बात का जिक्रभी किया था कि किस तरह उस वाकये से सचिन की साख को थोड़ा झटका लगा था।

**आईपीएल का असर :** बहरहाल, सचिन की विरासत को आगे ले जाने वाले विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के साथ न सिर्फ अपने निजी रिश्ते, बल्कि भारतीय क्रिकेट के समीकरण भी पूरी तरह बदल डाले। यह सच है कि ऐसा अकेले सिर्फ विराट की असाधारण शख्सियत के चलते नहीं हुआ। 2008 में क्द्धछ ने कंगारुओं को एक उभरते हुए ताकतवर देश की झलक दिखलाई, तो भारत से आने वाले इंजिनियर और डॉक्टरों ने वहां के जनमानस पर वही असर डालना शुरू किया, जिसकी शुरुआत अमेरिका और इंग्लैंड में 50 साल पहले ही हो चुकी थी।

**विराट का दबदबा:** विराट कोहली ने 2010-11 में ऑस्ट्रेलिया का पहला दौरा किया था। तब से 2024 तक, वह यहां के पांच टूर कर चुके हैं और हर बार शतक जमाया है। इसमें अपवाद के तौर पर केवल पिछला दौरा रहा, जब वह सिर्फ एक टेस्ट खेलकर भारत लौट गए थे। विराट ने अपने प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलियाई जनता ही नहीं, उनके प्रधानमंत्रियों को भी अपना मुरीद बनाया और बाहुबली-सा दर्जा हासिल किया।




**भारतीय संस्कृति:** कैनबरा में टीम इंडिया के अभ्यास मैच के दौरान मेरी मुलाकात एक युवा महिला मैरी से हुई। मैरी क्रिकेट की दीवानी हैं, साथ में हिंदी फिल्में भी चाव से देखती हैं। अमिताभ बच्चन उनके पसंदीदा नायक हैं और शाहरुख खान की फिल्म 'कल हो न हो' का टाइटल गाना भी वह गुनगुना सकती हैं। क्रिकेट के अलावा भी जिस तरह की छाप भारतीय संस्कृति ने ऑस्ट्रेलियाई लोगों पर छोड़ी है, वह अपने आप में अविश्वसनीय है।

**हर जगह तिरंगा:** एडिलेड टेस्ट से ठीक पहले टीम इंडिया के पहले अभ्यास सत्र को आम जनता के लिए फ्री कर दिया गया था। कोहली और रोहित की सिर्फ एक झलक पाने के लिए करीब 5000 दर्शक पूरे एडिलेड ओवल में भारतीय तिरंगा लहराते हुए दिखे। ऑस्ट्रेलियाई मैदानों में यह सुखद बदलाव है। ज्यादातर मैदानों पर भारतीय और स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों की संख्या 50-50% होती है। अगर आने वाले एक दशक में मैच के 90% टिकट भारतीयों के पास हों, तो हैरानी नहीं होगी।

**बुमराह के प्रशंसक:** पहली बार कंगारू किसी भारतीय गेंदबाज की ऐसी प्रशंसा कर रहे हैं, जैसी जसप्रीत बुमराह को मिल रही है। जिस देश ने डेनिस लिली और ग्लेन मैक्ग्रा जैसे दिग्गज तेज गेंदबाज दिए हों, वहां के युवा खिलाड़ियों के लिए बुमराह का रोल मॉडल बनना अद्भुत है। ऐसा सचिन की सवीच्चता के दौर में भी देखने को नहीं मिला था। शायद इसकी वजह यह थी कि उनके पास रिकी पोंटिंग थे, जो उनकी नजरों में अब भी सचिन से 19 नहीं हैं। बुमराह ने कप्तान के तौर पर भी हर किसी को अपना मुरीद बना लिया है। सचिन की सादगी के बाद विराट के आक्रमक तेवरों ने अगर टीम इंडिया की छवि बदली, तो बुमराह और रोहित शर्मा ने लीडरशिप का एक अलग पहलू दिखाया है।

**टर्निंग पॉइंट :** इन तमाम बातों के बावजूद अगर पिछले 25 बरसों में सिर्फ एक घटना को नजरिये में बदलाव का टर्निंग पॉइंट माना जा सकता है, तो उसके पीछे महेंद्र सिंह धोनी हैं। 2008 में टीम इंडिया ट्राइएंगुलर वनडे सीरीज खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया में थी। वह श्रृंखला टेस्ट सीरीज की कड़वाहट के बाद खेली जा रही थी। तब तक टीम इंडिया ने 2007 का टी-20 विश्व कप जीत लिया था, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई उसे बहुत तवज्जो नहीं दे रहे थे, क्योंकि इससे पहले भारत ने कभी ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में नहीं हराया था। हकीकत में बेस्ट ऑफ थ्री फाइनल में कभी तीसरे फाइनल की नौबत ही नहीं आई, कंगारू पहले ही दो मैच जीत जाते थे।

**बड़ा मौका:** उस टूर पर इतिहास बदला। धोनी की टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उसी की कड़वी दवा पिला दी। लेकिन, उन्होंने पहले ही हर साथी से कह दिया था कि ट्रॉफी जीतने के बाद भी कोई जोरदार ढंग से जश्न नहीं मनाएगा। कंगारू यह देखकर हैरान रह गए कि कैसे इतनी बड़ी जीत को भारतीय टीम ने हल्के में लिया। यही काम विराट और अजिंक्य रहाणे ने पिछले दो दौरों पर किया है। अगर रोहित की अगुआई में टीम सीरीज जीत की हैटट्रिक लगाती है, तो उसका वही रुतबा होगा जो वेस्टइंडीज की कालजयी टीम का हुआ करता था।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक , प्रकाशक व संपादक सरोज चौधरी द्वारा न्यू लोक भारती प्रेस, वार्ड 10 कोकर औद्योगिक क्षेत्र कोकर रांची से मुद्रित तथा ई -37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित, संस्थापक संपादक :स्व. राधाकृष्ण चौधरी
प्रबंध संपादक : अरूण कुमार चौधरी, फोन: 9471170557/08084674042, ई-मेल : Divyadinkarranchi @ gmail.com,RNI Regd. No. : JHAHIN/2013/54373Postal Registration No. : RN-11/2012)

## संक्षिप्त समाचार

### उद्योग विभाग बिहार सरकार एवं राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय औरंगाबाद के स्टार्टअप सेल के संयुक्त आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद/ उद्योग विभाग बिहार सरकार एवं राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय औरंगाबाद के स्टार्टअप सेल के संयुक्त तत्वाधान से बीयाडा में स्थित सितयोग इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्टार्टअप जागरूकता आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि,जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मो. अफ्फान, राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय के स्टार्टअप सेल इंचार्ज प्रो आनन्द राज , एवं अभियन्त्रण महाविद्यालय औरंगाबाद का छात्र अनुराग जिन्हें उद्योग विभाग बिहार सरकार से स्टार्टअप सीड फण्ड प्राप्त हो चुका है सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में कॉलेज के रजिस्ट्रार शाहिद इकबाल, ओर काफी संख्या में प्रोफेसर ओर छात्र शामिल हुए। उधोग विभाग के महाप्रबंधक मो अफ्फान ने बिहार सरकार के स्टार्टअप नीति एवं उधमी योजनाओं के बारे में छात्रों को जानकारी दी ओर छात्रों को स्टार्टअप के क्षेत्र में अवसर ओर बिहार सरकार के स्टार्टअप नीति 2022 से मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महाप्रबंधक मो अफ्फान ने विकसित बिहार सर्वे 2047 में सभी शिक्षकों,छात्रों ओर कर्मचारियों को भाग लेने का अनुरोध किया ओर अपनी राय ऑनलाइन सबमिट करने हेतु आव्हान किया. महाप्रबंधक द्वारा पटना में 19 ओर 20 दिसंबर में पटना में उद्योग विभाग द्वार आयोजिति होने वाले बिहार बिजनेस कनेक्ट समारोह की जानकारी दी ओर इच्छुक निवेशकों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने का अनुरोध किया गया ताकि उद्योग स्थापित करने हेतु उद्यमी उद्योग विभाग के नीतियों से अवगत हो सके। राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय के स्टार्टअप सेल इंचार्ज प्रो आनन्द राज ने बताया कि आज स्टार्टप देश की जरूरत है, और विकसित भारत के संकल्प में स्टार्टअप की सबसे बड़ी भूमिका रहेगी। साथ ही आनन्द राज ने इस शानदार कार्यक्रम के आयोजन के लिये सितयोग के प्रबंधन एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो सम्भु कुमार एवं प्रवीण कुमार, वैभव सिंह जी को धन्यवाद दिया। वही डैश स्टीम स्टार्टअप के फाउंडर सह महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग का छात्र अनुराग ने अपनी स्टार्टअप जर्नी को छात्रों के समक्ष रखा। कॉलेज के रजिस्ट्रार शाहिद इकबाल ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला उद्योग केंद्र एवं राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय औरंगाबाद के स्टार्टअप सेल के प्रति आभार व्यक्त किया एवं उम्मीद जताई के कॉलेज के सभी छात्र इस कार्यक्रम से लाभान्वित होंगे और आश्वस्त किया के सभी शिक्षक, छात्र कर्मचारी विकसित बिहार सर्वे 2047 में अपनी बहुमूल्य सुझाव के माध्यम से अपनी राय को सरकार से अवगत कराएंगे।

### श्री सीताराम विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया

**रिपोर्ट – निशांत कुमार**



औरंगाबाद/ हसपुरा प्रखंड में शुक्रवार की रात पुरानी ठाकुर बाडी कोईलवा में श्री सीताराम विवाह महोत्सव का समायोजन किया गया।वैदिक विधि विधान के साथ लोक परम्परा के साथ विवाह उत्सव मनाया गया।इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।रातभर दर्शक कार्यक्रम से चिपके रहे। यह आयोजन आचार्य पं० लाल मोहन शास्त्री के निर्देशन में सम्पन कराया गया। श्याम संगीत के साथ कीर्तन मण्डली ने भाग लेकर सांस्कृतिक भजन कीर्तन के साथ आयोजन को सफल किये। दिनेश यादव ने व्यवस्था में लगे रहे। मुख्य गायक कुंज बिहारी शर्मा ' तबला वादक सुशील प्रसाद सिंह ' सहयोगी रघुवंश शर्मा ' सुरदास जी पं० महेन्द्र द्विवेदी ' मृत्युञ्जय शर्मा ' अरुण शर्मा ' अम्बिका राम ' मंग

### बिहार राज्य फसल सहायता योजना CCE Agri App के माध्यम से फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के द्वारा किया गया



**रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद/ बिहार राज्य फसल सहायता योजना CCE Agri App के माध्यम से फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, औरंगाबाद, श्री मोती कुमार दिनकर, द्वारा औरंगाबाद जिले के हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत पीरू पंचायत के गवसपुर गांव में किया गया। इस प्रयोग के तौर पर सर्वप्रथम गवसपुर गांव के किसान श्री संतविलास शर्मा, पिता श्री देवलाल मिस्त्री के खेसरा संख्या-1337 थाना संख्या-13 में श्री रविन्द्र कुमार, किसान सलाहकार, हसपुरा द्वारा किया गया। फसल कटनी प्रयोग वैज्ञानिक विधि से निर्धारित प्रक्रिया द्वारा 1005 मीटर में किया गया जिसमें 28.540 किलो ग्राम उपज प्राप्त हुआ। प्रयोग के दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, औरंगाबाद श्री मोती कुमार दिनकर, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, हसपुरा, श्री जनेश्वर चौधरी, प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी, श्री राकेश कुमार, अंचल निरीक्षक, श्री महेन्द्र चौधरी, कृषि समन्वयक, हिमांशु कुमार, किसान सलाहकार, रविन्द्र कुमार, किसान नन्दन कुमार एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### छत से गिरकर 22 वर्षीय महिला की मौत

**रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद : - मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में शनिवार की सुबह छत से गिरकर बिलेंद्र कुमार की 22 वर्षीय पत्नी इंदू देवी घायल हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर रहे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि इंदू सुबह में अपने नौ माह के पुत्र को गोद में लेकर छत पर खेला रही थी। असंतुलित होकर छत से गिर गई। गनीमत रही कि बच्चा छत पर फेंका गया नहीं तो बच्चे की जान जा सकती थी। इधर घटना के बाद से स्वजन रो रहे हैं। स्वजनों की रुलाई से सदर अस्पताल में खड़े लोगों के आंखों से आंसू बहने लगी। अस्पताल से स्वजन शव का बगैर पोस्टमार्टम कराए घर लेकर चले गए। इधर घटना की सूचना पर पहुंचे जिला पार्षद अनिल यादव ने महिला के स्वजनों को समझाते हुए ढाढ़स बंधाया।

## गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला में साइंस, कॉमर्स और आर्ट प्रदर्शनी का शानदार आयोजन

**देवघर से दिव्य दिनकर**
**संवाददाता प्रेम रंजन झा**



गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल,भंडारकोला में छात्रों के प्रस्तुति कौशल को बढ़ाने,छात्र की सोचने की शक्ति को बढ़ाने और छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देने के उद्देश्य के साथ-साथ छात्रों द्वारा नए विचारों,परियोजनाओं और वैज्ञानिक नवाचारों को प्रस्तुत करने के लिए साइंस ,कॉमर्स और आर्ट प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में भारी संख्या में विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावक गण भी आए। उनके बीच भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक सरोकारों से संबंधित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए। लगभग 600 बच्चों के द्वारा 150 मॉडल बनाए गए । ड्रोन,मानव को देखकर विद्युत उपकरण का चलना और बंद होना,ध्वनि संचालित वाहन, रोबोट ,अनंत कुआँ , डैम का मॉडल ,कचरे से बिजली उत्पादन ,नदी तालाब की सफाई करने वाली मशीन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सिक्योरिटी अलार्म, चुंबकीय ट्रेन, भारतीय अर्थशास्त्र से संबंधित मॉडल ,शारीरिक संरचनाओं को समझाते हुए मॉडल ,सौरमंडल, लावा लैंप कृत्रिम रक्त रंग तथा विभिन्न रासायनिक प्रक्रिया से संबंधित मॉडल,सेंट्रल लाइब्रेरी का कॉन्सेप्ट से संबंधित मॉडल, बच्चों के द्वारा बनाई गई मूर्ति, कक्षा 1 से 12वीं तक के बच्चे के द्वारा बनाई गई कलाकृति आकर्षण का केंद्र थी। प्रदर्शनी में बच्चों ने स्वागत गान, झारखंडी नृत्य, शास्त्रीय नृत्य,बिहू नृत्य, कथक नृत्य,उप शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत,एकल गायन और एकल नृत्य की विहंगम प्रस्तुति कर शमा बांध दिया। मासिक धर्म, भ्रूण हत्या,दहेज प्रथा और बाल श्रम पर आधारित अंग्रेजी में नुक्कड़ नाटक को सबों ने बहुत सराहा। विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा ने कहा कि विद्यार्थियों के बीच रचनात्मक और व्यावहारिक रूप से वैज्ञानिक सिद्धांतों की समझ को व्यक्त करने के लिए ऐसा कार्यक्रम काफी लाभदायक सिद्ध होता है।एक छात्र में वैज्ञानिक भावना और जिज्ञासा का विकास करना हमारा लक्ष्य है। आगंतुक अतिथि, सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स,देवघर के अध्यक्ष रामसेवक सिंह गुंजन, रेड रोज स्कूल के प्राचार्य अनिल पांडे और गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल कास्टर टाऊन के प्राचार्य दिलीप सिंह के साथ मीडिया के तमाम लोगों ने प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी अद्वितीय प्रदर्शनी है जिसमें लगभग एक चौथाई मॉडल राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शनी के अनुरूप हैं। अभिभावकों ने कहा कि हमें इस विद्यालय परिसर में इस तरह का आयोजन देखकर सुखद अनुभूति हो रही है और उन्होंने प्राचार्य के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता की प्रशंसा की। उक्त आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी अभिषेक सूर्य ने दी

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में रेडक्रॉस की प्रबंध एवं कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित किया गया



**रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- जिला पदाधिकारी के अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में रेडक्रॉस की प्रबंध एवं कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा रेडक्रॉस की प्रबंध एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा रेडक्रॉस द्वारा विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। वित्तीय प्रबंधन, रक्त अधिकोष (ब्लड बैंक) के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया गया। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा दाउदनगर उपकारा के बिस्तार पर भी चर्चा किया गया। साथ ही साथ जिला पदाधिकारी द्वारा रेडक्रॉस के सदस्यों से अवैध क्लिनिको के संचालन के रोकथाम के लिए सहयोग का अपेक्षा किया गया। इस बैठक में वरीय उप समाहर्त्ता श्रीमती रत्ना प्रिदर्शनी एवं रेड क्रॉस के सदस्य मौजूद रहे।

## तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**देवघर से दिव्य दिनकर**
**संवाददाता प्रेम रंजन झा**



राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत सिविल सर्जन, देवघर डॉ०युगल किशोर चौधरी एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह-एन०सी०डी० नोडल पदाधिकारी, डॉ० मनोज गुप्ता के निदेशानुसार दिनांक 07/12/2024, दिन शनिवार को राजकीय कृत उत्कर्मित उच्च विद्यालय, जमुनिया,मोहनपुर,देवघर में तंबाकू निषेद पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना है। इस कार्यक्रम में बच्चो को तम्बाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा, लकवा, श्वास संबधित बीमारी के बारे में चर्चा की गयी, तथा इससे होने वाले आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे मे भी बतलाया गया । विद्यालयों के अंदर और बाहर दोनों स्थानों पर साकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए का प्रयास किया गया साथ ही साथ कोटपा 2003 अधिनियम से संबंधित प्रावधनों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमे बतलाया गया की तंबाकू नियंत्रण अधिनियम कोटपा-2003 के मुख्यतः चार धाराओं के बारे में बिस्तर से बताया गया । सर्व प्रथम धारा 4 के बारे में बतलाया गया कि तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 4 के अनुसार किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है तथा इसके उल्लंघन करने पर 200 तक का जुमार्ना वसूला जा सकता है । धारा 5 में बतलाया गया कि तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 5 के अनुसार किसी भी तंबाकू उत्पादकों के प्रत्यक्ष एवं प्रत्यक्ष विज्ञापन प्रोत्साहन एवं तंबाकू कंपनियों द्वारा किसी इवेंट का प्रयोजन करना अथवा स्पॉन्सरशिप करना प्रतिबंध है, इसके उल्लंघन करने पर 1000 तक का जुमार्ना अथवा 2 साल तक का करवास अथवा दोनों हो सकता है । धारा 6 ए, तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 6ए के अनुसार किसी भी अवयस्क या बच्चों को तंबाकू उत्पादन बेचना या उसके द्वारा बेचवाना प्रतिबंध है इसके लिए उल्लंघन करता को 200 तक का जुमार्ना लिया जा सकता है । तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 6बी के अनुसार किसी भी शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादन बेचना अपराध है, तथा उल्लंघन करता के द्वारा 200 तक का जुमार्ना वसूला जा सकता है । तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 7 के अनुसार किसी भी तंबाकू उत्पादकों के पैकेट के मुख्य भागों पर 85% हिस्से पर चित्रित स्वास्थ्य चेतावनी के बिना नहीं बचा जा सकता है तथा ऐसे उल्लंघन करने पर 5000 तक का जुमार्ना तथा 2 वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकता है । कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को तंबाकू दुष्परिणाम के बारे में बड़े ही रोचक तरीके से समझाया गया, साथ ही साथ बच्चों के बीच तम्बाकू निषेद पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे दिलीप कुमार,मनोज टुडू,उषा कुमारी अन्य पांच को एन०सी०डी० कोषांग, देवघर द्वारा पुरष्कृत किया गया । तंबाकू नहीं खाने की शपथ भी दिलाई गई कार्यक्रम के अंत में बच्चों को तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई । कार्यशाला में स्कूल के प्रचार्य बिकाश कुमार सिंह शिक्षकगण-सुनीता कुमारी,बेबी कुमारी एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी अभिमन्यु दांगी, विजय सिंह एवं अन्य शामिल थे।

## मवेशी तस्करी के खिलाफ बिचकोडवा पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही,दो वाहनों से 16 मवेशी किया जप्त

**दिव्य दिनकर/संवाददाता**
**रोहित कुमार**



चकाई:मवेशी तस्करी के खिलाफ बिचकोडवा पुलिस ने शनिवार की सुबह बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस की इस कार्यवाही से मवेशी तस्करों में हड़कंप मच गया है। बिचकोडवा पुलिस ने शनिवार को चितरडीह मोड़ से दो पिकअप में क्रूरतापूर्वक लदे 16 मवेशी को जप्त किया है साथ ही मवेशी तस्करी में लगे चार व्यक्ति को गिरफ्तार किया है पिकअप वाहन को जप्त कर लिया है। बिचकोडवा थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि पुअनि महेश्वर दास के द्वारा गस्ती किया जा रहा था गस्ति के क्रम में शनिवार की सुबह करीब पौने पांच बजे धथुरिया गांव की ओर से आ रही थी तभी गुप्त सूचना मिली कि सरौन के तरफ से दो पिकअप पर मवेशी लादकर तस्करी हेतु ले जाया जा रहा है उक्त सूचना को वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करते हुए आदेशानुसार सूचना का सत्यापन हेतु कि चितरडीह मोड की तरफ बढ़ा तो देखा कि दो पिकअप दुलमपुर की ओर से आ रहा है जिसे मोड़ के पास गश्ती दल के द्वारा दोनों पिकअप को रोका गया। जिसके बाद दोनों पिकअप वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए तलाशी ली गई तो रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 11 टी 2780 वाहन के बॉडी में लदा कुल 8 बैल लदा हुआ पाया गया एवं दूसरी पिकअप वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 10 बीडब्लू 6652 के पिकअप के बॉडी में कुल 8 बैल अवैध तरीके से लदे हुए पाए गए उक्त मवेशी के संबंध में पकड़ाए व्यक्ति के द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। पिकअप के फर्श में पर्याप्त मात्रा में मिट्टी एवं पुआल नहीं रहने के कारण मवेशी फिसल फिसल कर चोटिल हो गए थे। सभी मवेशी डाला के ऊपरी भाग में रस्सी से बंधे हुए थे जो अनावश्यक पीड़ा महसूस कर रहे थे। गाड़ी के केबिन में प्राथमिक उपचार का व्यवस्था भी नहीं था सभी जानकर भूखे प्यासे लग रहे थे और हाफ रहे थे ये सभी पशु अत्याचार निवारण अधिनियम 1960 के विरुद्ध पाया जाने पर जप्ती सूची बनाकर पकड़ाए व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तारी किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति चालक दिलशाद शेख पिता जाकिर शेख,उपचालक गुज्जर मियां पिता अली बक्कास,चालक सह पशु मालिक मो मासूम पिता स्व मिस्टर आजाद तीनों साकिम खरगडीहा, थाना जमुआ मो शेरू सा,थाना गिरिडीह सभी जिला गिरिडीह का बताया गया। जप्त सभी मवेशियों को निजी गौशाला ग्राम बलियाडीह,थाना झाझा जिला जमुई के निवासी मो रसीद अंसारी को निजी जिम्मेनामा पर सुरक्षार्थ रखने के लिए सुपुर्द किया गया वही जप्त पिकअप को बिचकोडवा थाना लाया गया तथा गिरफ्तार व्यक्तियों पर केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। मालूम हो मवेशी तस्करी धड़ल्ले से जारी है पुलिस की लगातार कार्यवाही के बावजूद मवेशी तस्करी का धंधा रुकने को नाम नहीं ले रहा है।

## उपायुक्त ने की बोरियों प्रखंड के पहाड़पुर बोरियों आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण



साहिबगंजः जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा बोरियों प्रखंड के पहाड़पुर बोरियों आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर राम पुर , उ०म० विधालय पथरघट्टा का औचक निरीक्षण किया ।उपायुक्त के द्वारा पहाड़पुर बोरियों आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण के क्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बहुत ही दैनिय स्थिति में पाई गई। वहीं आरोग्य मंदिर में साफ-सफाई, पानी, शौचालय जैसी मुलभूत सुविधाओं की कमी पाई गई। प्रतिनियुक्त अठट के द्वारा बताया गया कि आरोग्य मंदिर में कोई भी उत्र्ड प्रतिनियुक्ति नहीं है, वहीं उपायुक्त ने बोरियों टडक्ळ को आरोग्य मंदिर में उत्र्ड को प्रतिनियुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही संबंधित क्षेत्र के प्रधान मुखिया, पंचायत सचिव को अपने कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया।आयुष्मान प्रसव गृह केन्द्र ग्राम जिरूल का निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा प्रसव कक्ष का जायजा लिया । अठट के द्वारा आयुष्मान प्रसव गृह केन्द्र में विभिन्न उपकरणों से उपायुक्त को अवगत कराया गया जो अधिक महत्वपूर्ण है। वहीं उपायुक्त ने सभी उपकरणों को जल्द ही उपलब्ध कराने हेतु सिविल सर्जन को पत्र प्रेषित करने हेतु कहा गया।उ०म० विधालय पथरघट्टा, उ०म० विद्यालय शहरपुर का निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त द्वारा बच्चों की उपस्थिति, बच्चों को दी जा रही भोजन की गुणवत्ता, साफ- सफाई , को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।वहीं उपायुक्त के द्वारा बोरियों प्रखंड के देव पहाड़ क्षेत्र के पहाड़िया गांव कुशताढ़ का निरीक्षण किया । वहां उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के द्वारा निर्मित किए गए जल आपूर्ति कार्यो का जायजा लिया। वहीं मुखिया द्वारा बताया गया कि बनाए गए जल मीनार की मरम्मती कराना आवश्यक है। उपायुक्त ने निर्देश करते हुए संबंधित पंचायत सचिव को 15 वीं वित्त की राशि से मरम्मती का कार्य पूर्ण करने को कहा ।पहाड़िया कल्याण दिवाकालिन प्राथमिक विद्यालय बोरियो का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त विद्यालय कि भैतिक स्थिति के सुधार हेतु कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## ग्रामीण एसपी महोदय के नेतृत्व में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन



**धनबाद** समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार मे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कपील चौधरी के नेतृत्व में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमे वरीय पदाधिकारी समेत विभिन्न थाना क्षेत्र के सभी प्रभारी व ओपी प्रभारी मौजूद थे ' मुख्यालय सभागार मे आयोजित बैठक के दौरान कई महत्पूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी ' बैठक के दौरान ग्रामीण एसपी द्वारा पुलिस अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिया गया की विभिन्न थानों में दर्ज लंबित मुकदमों की जांच में तेजी लाई जाए और तय समय में चार्जशीट समर्पित की जाए। महोदय ने स्पष्ट कहा कि विधानसभा चुनाव में व्यस्तता के कारण सभी थानों में लंबित मामलो को संज्ञान मे लेते हुए यथाशीग्र उसका निष्पादन किया जाये। राष्ट्रीय राजमार्ग पर निरंतर हो रही सडक दुर्घटनाओं को लेकर एसपी महोदय ने चिंता व्यक्त की और सडक हादसों के रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ग्रामीण एसपी महोदय ने सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर सडक को अतिक्रमण मुक्त करने को कहा। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सड़क हादसों को रोकने व क्षेत्र को जाम मुक्त करने की दिशा में ठोस कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया। इसके अतिरिक्त ग्रामीण एसपी द्वारा दुष्कर्म, महिला व बाल उत्पीड़न एवं ढडउरड एक्ट के तहत दर्ज मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए निर्धारित अवधि में जांच पूरी कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश भी सभी थाना प्रभारी व अनुसन्धानकताओं को दिया गया ' महोदय ने संगठित अपराध करने वाले अपराधियों से जुड़े विभिन्न मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए सभी अपराधियों की गिरफ़्तारी सुनिश्चित करने हेतु कार्रवाई को तेज करने का निर्देश दिया ' इसके साथ ही माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट व कुर्की के आदेश को यथाशीघ्र तमिला करने को कहा ' बैठक में अधिकारियों को कानून व्यवस्था को पुख्ता और प्रभावी बनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थानों में पेंडेंसी कम करने, भगोड़े अपराधियों की धरपकड़ तेज करने सहित मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर लॉटरी, जुआं, सट्टा, अवैध शराब व मादक पदार्थो की बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों को सघन जांच के दौरान अपराधियों की धरपकड़, अवैध हथियारों की बरामदगी, अवैध मादक पदार्थों के धंधेबाजों की धरपकड़ तेज करने के लिए विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करने की बात कही। महोदय ने सभी पदाधिकारीयों को नशे के कारोबार पर लगाम कसने को कहा साथ ही उन्होंने एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश भी दिया । इसके अतिरिक्त सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने को कहा गया ताकि चोरी व लूट जैसे वारदतों को पूरी तरह रोका जा सके । बैठक में एसडीपीओ बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह, एसडीपीओ निरसा रजत माणिक बाखला, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी विधि व्यवस्था श्री नौशाद आलम, डीएसपी साइबर संजीव कुमार समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## वाहन के धक्के से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत हुई

**रिपोर्ट -निशांत कुमार**



औरंगाबाद/ हसपुरा प्रखंड क्षेत्र के पचरुखिया बाजार के देवहरा रोड में एक विंगर के धक्के से बाइक से आ रहे 32 वर्षीय सत्येंद्र चौधरी नामक युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई ।घटना शुक्रवार की रात की बताई जा रही है। मृतक गया जिले के मानपुर तकिया बुनियादी गंज गांव का रहने वाला बताया जा रहा है ।घटना के बाद वाहन छोड़कर कर चालक फरार हो गया। ग्रामीण आक्रोशित हो गए तथा विंगर में आग लगा दिया ।खबर मिलते ही पुलिस की 112 वाहन की गश्ती घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस पर नजर पड़ते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए ।फिर हसपुरा थाना,गोह,पौथु तथा खुदवां थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची ।पुलिस के समझाने से ग्रामीण शांत हुए ।बता दें कि मृतक अपने ससुराल कोइलवाँ गांव के करण बिगहा टोले में रहता था ।वह बीती रात बाइक से अपने ससुराल कोइलवाँ गांव से पचरुखिया की तरफ आ रहा था ।जबकि विंगर देवहरा की तरफ जा रही थी ।इसी दौरान वाहन ने बाइक में धक्का मार दिया। मामले में स्थानीय थाना में मामला दर्ज किया गया है ।घटना को लेकर मृतक के ससुराल भगल चौधरी के यहां कोहराम मच हुआ है ।रो रोकर बुरा हाल है।

## जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा पंचायतों का निरीक्षण

**साहिबगंजः** जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार द्वारा राजमहल, तालझारी प्रखंड अंतर्गत पंचायतों का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा पंचायत ज्ञान केंद्र, प्रज्ञा केंद्र, पंचायत कार्यालय, इढफ्ळ कार्यालय का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के उपरांत उनके द्वारा मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ बैठक किया गया तथा सभी को पंचायत वासियो के सभी कार्यो (आनलाईन तथा कार्यो को ) को पंचायत कार्यालय से सम्पन्न कराने का निर्देश दिया । पदाधिकारी द्वारा सभी पंचायत सचिव को पंचायत कार्यालय को पूर्ण रूप से साफ सफाई का विशेष ध्यान देने तथा पंचायत सचिवालय को प्रतिदिन खोलने का सख्त निर्देश दिया गया। मौके पर प्रभारी जिला समन्वयक संदीप कुमार तथा प्रखंड समन्वयक अभिजीत कुमार तथा मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित रहें।

## आरबीआई ने सीआरआर घटाकर 4 फीसदी किया, बैंकों के लिए 1.16 लाख करोड़ रुपये होंगे उपलब्ध

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने संभावित नकदी संकट को कम करने के लिए नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 0.50 फीसदी की कटौती कर चार फीसदी कर दिया है। इससे बैंकों में 1.16 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने यहां मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 6.25 फीसदी और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर तथा बैंक दर 6.75 फीसदी पर कायम रहेगी। शक्तिकांत दास ने कहा कि त्योहारों के दौरान मुद्रा के चलन में उल्लेखनीय वृद्धि और पूंजी निकासी के बावजूद बैंकिंग सिस्टम में पर्याप्त नकदी मौजूद है, लेकिन कर भुगतान, चलन में उपलब्ध मुद्रा में वृद्धि तथा पूंजी प्रवाह में अस्थिरता से आने वाले महीनों के दौरान बैंकों में नकदी कम हो सकती है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि संभावित नकदी संकट को ध्यान में रखते हुए सभी बैंकों के सीआरआर को शुद्ध मांग एवं सावधि देयताएं (एनडीटीएल) यानी बैंकों के पास कर्ज देने के लिए मौजूद धनराशि के चार फीसदी तक कम करने का निर्णय लिया गया है, जो 0.25 फीसदी की दो बराबर किश्तों में क्रमशः 14 दिसंबर और 28 दिसंबर से शुरू होने वाले पखवाड़े से प्रभावी होंगी।

## बैंकों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग करने के निर्देश

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बैंकों को साइबर धोखाधड़ी के लिए उपयोग होने वाले बैंक खातों ( मुले खातों) का वास्तविक समय पर पता लगाने, धोखाधड़ी का पता लगाने और रोकथाम के लिए बैंक कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने और उन्हें बेहतर कौशल प्रदान करने, आम नागरिकों को धोखेबाजों के झांसे में न आने के लिए अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने और जागरूक करने के लिए ए आई/ एम एल समाधान सहित उन्नत तकनीकों को अपनाने के निर्देश दिए हैं। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने इसको लेकर आज डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी, विशेष रूप से मुले खातों के कारण बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए रिजर्व बैंक, नाबार्ड, सरकारी, निजी और भुगतान बैंकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने बैंकों को मुले खातों का पता लगाने और निगरानी को मजबूत करने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा विकसित ए आई/एम एल संचालित मॉडल मुले हंटर डॉट ए आई का पता लगाने और उसे लागू करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। बैठक में बैंकों से इन खातों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, अत्याधुनिक उपकरणों का लाभ उठाने और अंतर-बैंक सहयोग को बढ़ावा देने का आग्रह किया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों की गाढ़ी कमाई की सुरक्षा के लिए सक्रिय उपाय किए जाने की आवश्यकता है। नागरिकों के धन की सुरक्षा करना हमारी साझा जिम्मेदारी है।

## इंडियन ऑयल ने जेल के कैदियों के लिये अपनी अग्रणी पहल का विस्तार किया

**नयी दिल्ली।** जेल के कैदियों और सुधार गृहों में रहने वाले बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने की अपनी पहल को आगे बढ़ाते हुये सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल ने 'परिवर्तन - जेल से गौरव' के चौथे चरण का शुभारंभ किया है। कंपनी की जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इंडियन आयल के अध्यक्ष ए एस साहनी ने आज इंडियन ऑयल की इस पहले के चौथे और 'नयी दिशा - भविष्य को फिर से परिभाषित करना' के चरण छह का शुभारंभ किया।इस पहल में, इंडियन ऑयल 28 जेलों और 14 सुधार गृहों में 1650 से अधिक व्यक्तियों के जीवन में सुधार के कार्यक्रम चलाने जा रहा है। विज्ञप्ति में श्री साहनी के हवाले से कहा गया है कि उन्हें इस बात पर बेहद गर्व है कि इंडियन ऑयल कैदियों को दूसरा मौका दे रहा है और खेल के रूप में उन्हें उद्देश्य दे रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 38 महीनों में, ये कार्यक्रम 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 150 स्थानों तक पहुँच चुके हैं। 7,300 से अधिक लोगों के जीवन प्रभावित हुये हैं और ये प्रयास इंडियन ऑयल के 'राष्ट्र पहले' के सिद्धांत के अनुरूप हैं, जो व्यवसाय से परे जाकर सबसे कमजोर लोगों की सहायता करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## पावरग्रिड ने आईआईटी रुड़की के साथ उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के लिए किया समझौता ज्ञापन

**गुरुग्राम।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन 'महारत्न' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने दिनांक 6 दिसंबर 2024 को आईआईटी रुड़की के साथ ?20.73 करोड़ के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योगदान के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य संस्थान के कंप्यूटर केंद्र में तीन अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) को स्थापित कर प्रौद्योगिकी नवाचार को बढ़ावा देना है। इस एमओयू पर हस्ताक्षर पावरग्रिड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. त्यागी, निदेशक (कार्मिक), डॉ. यतीन्द्र द्विवेदी, निदेशक (प्रचालन), श्री नवीन श्रीवास्तव, निदेशक (परियोजनाएं) श्री वामसी राम मोहन बुर्रा, कार्यपालक निदेशक(सीसी-सीएमजी), श्री विक्रम सिंह भाल, कार्यपालक निदेशक(सीएसआर एवं दक्षिणी क्षेत्र -I) श्री ए. नागराजू, कार्यपालक निदेशक(सीटीयूआईएल), श्री जसबीर सिंह, आईआईटी, रुड़की के निदेशक, प्रो. के. के. पंत एवं संस्थान कंप्यूटर केंद्र के प्रमुख प्रो. सतीश कुमार पेड्डोजू तथा दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किये गए।

# वित्त मंत्री ने किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ की बजट पूर्व दूसरी बैठक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को नई दिल्ली में विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधियों और प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ दूसरी बजट पूर्व परामर्श बैठक की। निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में ये बैठक केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों के तहत हुई।वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में विभिन्न किसान संघों और प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ दूसरे बजट पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की। परामर्श बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और आर्थिक मामलों के विभाग और निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के



वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक में कृषि क्षेत्र में प्रमुख चुनौतियों और अवसरों को समझने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कृषक समुदाय के प्रतिनिधियों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों के कल्याण में सुधार के उद्देश्य से नीतिगत बदलावों, बजटीय सहायता और सुधारों पर अपने सुझाव साझा दिए। कृषि अर्थशास्त्री टिकाऊ कृषि पद्धतियों, उत्पादकता वृद्धि और बाजार सुधारों पर भी वित्त मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। बजट पूर्व परामर्श की यह बैठक वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित बैठकों की श्रृंखला का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य एक व्यापक और समावेशी बजट के लिए विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों से इनपुट एकत्र करना है। इससे एक दिन पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट के लिए प्रमुख अर्थशास्त्रियों के इनपुट और सुझाव एकत्र करने के लिए पहली बजट-पूर्व बैठक की अध्यक्षता की थी।उल्लेखनीय है कि आगामी वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट एक फरवरी, 2025 को संसद में पेश होने की संभावना है। यह निर्मला सीतारमण का लगातार आठवां बजट और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण बजट होगा। बजट से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक नीतिगत दिशा मिलेगी।

## आईआईएफएल होम फाइनेंस एनसीडी इश्यू के जरिए 500 करोड़ रुपये तक जुटाएगा

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी ने 1,000 रुपये अंकित मूल्य वाले गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के जरिए 500 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बनाई है। कंपनी के प्रबंधन ने कहा कि इश्यू का बेस आकार 100 करोड़ रुपये है, जिसमें 400 करोड़ रुपये का ग्रीनशू विकल्प है। आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड ने जारी बयान में बताया कि एनसीडी इश्यू आज खुल गया है, जो 19 दिसंबर को बंद होगा। कंपनी ने कहा कि जारी किए जा रहे डिबेंचर सुरक्षित हैं, उन्हें एए/स्थिर रेटिंग दी गई है। एनसीडी बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई में सूचीबद्ध होंगे। आईआईएफएल फाइनेंस की सहायक कंपनी आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी ने बताया कि इश्यू प्राइस 1,000 रुपये प्रति एनसीडी है, जबकि न्यूनतम आवेदन आकार 10 डिबेंचर है। ऐसे में न्यूनतम आवेदन राशि 10,000 रुपये हो जाती है। कंपनी ने एनसीडी इश्यू का 20 फीसदी हिस्सा संस्थानों के लिए, 20 फीसदी गैर-संस्थागत कॉरपोरेट्स के लिए, 30 फीसदी हाई नेटवर्थ व्यक्तियों के लिए और 30 फीसदी खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित किया है।उल्लेखनीय है कि देश में खुदरा केंद्रित अग्रणी एनबीएफसी आईआईएफएल फाइनेंस अपनी सहायक कंपनियों के जरिए ऋण और बंधक प्रदान करता है। उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला और विशाल ग्राहक आधार के साथ, वे शाखाओं और डिजिटल चैनलों के माध्यम से पूरे भारत में काम करते हैं। कंपनी का फंड जुटाने का उद्देश्य भविष्य के विकास का समर्थन करना है, जो सरकार की सभी के लिए आवास पहल के अनुरूप है।

## सर्राफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट, चांदी की कीमत में बदलाव नहीं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में एक दिन की तेजी के बाद एक बार फिर सोने के भाव में गिरावट का रुख बन गया है। सोना आज 150 रुपये से 160 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,770 रुपये से लेकर 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये से लेकर 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह



जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## भारत आरसीईपी में शामिल होने पर पुनर्विचार नहीं कर रहा: पीयूष गोयल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) में शामिल होने पर विचार नहीं कर रहा है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत ने 2019 में मेगा मुक्त व्यापार समझौते आरसीईपी में शामिल नहीं होने का फैसला किया था, क्योंकि यह समझौता उसकी चिंताओं का समाधान नहीं कर रहा था और तब से इस स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में यह बात कही। पीयूष गोयल ने कहा कि आरसीईपी की संरचना भारत के हितधारकों की महत्वाकांक्षाओं और चिंताओं को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं करती है। एक अन्य सवाल के लिखित जवाब में पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र ने ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर पैकेज के विकास के लिए 28,602 करोड़ रुपये की 12 नई औद्योगिक स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। वहीं, मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स ने 55 से अधिक विभिन्न उद्योगों में 16.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कीं हैं। गोयल ने राज्य सभा में एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि




स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत, सरकार स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और वृद्धि तथा देश में रोजगार सृजन को बढ़ाने के लिए लगातार विभिन्न प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 28 अगस्त, 2024 को ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर पैकेज के विकास के लिए 28,602 करोड़ रुपये (भूमि लागत सहित) की कुल परियोजना लागत के साथ 12 नई औद्योगिक स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) समझौते पर 10 आसियान सदस्यों ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम और उनके छह मुक्त व्यापार समझौता साझेदारों ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड के बीच बातचीत चल रही है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.51 अरब डॉलर बढ़कर 658.09 अरब डॉलर पर

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। लागातार आठ हफ्ते के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 नवंबर को समाप्त हफ्ते में 1.51 अरब डॉलर बढ़कर 658.09 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बताया कि 29 नवंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.51 अरब डॉलर बढ़कर 658.09 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 656.58 अरब डॉलर रहा था। इसके भी पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में रिकॉर्ड 17.76 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक 29 नवंबर को समाप्त हफ्ते के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 568.85 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 59.5 करोड़ डॉलर घटकर 66.98 अरब डॉलर रहा लेकिन विशेष



आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.2 करोड़ डॉलर उछलकर 18.01 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के अनुसार अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास भारत का आरक्षित भंडार 2.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.25 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि सितंबर महीने के अंत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

## आम चुनाव के कारण दूसरी तिमाही में आई थी आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट: वित्त मंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में भारत की आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट वित्त वर्ष की शुरुआत में हुए आम चुनावों के कारण आई थी, न कि कोई प्रणालीगत मुद्दा था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तीसरी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही की वृद्धि खोई हुई गति की भरपाई कर देगी।

सीतारमण ने राजधानी नई दिल्ली में भारत-जापान फोरम 2024 में यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि चुनावी साल की पहली तिमाही के दौरान, खर्च धीमा हो जाता है क्योंकि केंद्र और राज्य प्रशासन चुनावी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करते हैं, यह दूसरी तिमाही के विकास आंकड़ों में परिलक्षित होता है। उन्होंने




कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही आर्थिक वृद्धि दर में आई सुस्ती 'प्रणालीगत' नहीं है। तीसरी तिमाही में बेहतर सार्वजनिक व्यय के साथ आर्थिक गतिविधि इस नरमी की भरपाई कर सकती है। हालांकि, उन्होंने माना कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं में उपभोग मांग में स्थिरता भारत के निर्यात के लिए चिंता का विषय है। वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ उतार-चढ़ाव के बावजूद देशों के बीच संबंध मजबूत और स्थिर स्तर पर बने रहते हैं, जब लोगों से लोगों और व्यवसाय से व्यवसाय के बीच संपर्क सुरक्षित, मज़बूत और गहरे होते हैं। नई दिल्ली में भारत-जापान फोरम 2024 में 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद पिछले सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 फीसदी की दर से बढ़ा है। वहीं अप्रैल-जून पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 6.7 फीसदी रही थी।

# गोल्ड बुलियन के लिए भी जरूरी होगी हॉलमार्किंग, 2025 में आ सकता है फैसला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** गोल्ड ज्वेलरी की हॉलमार्किंग के बाद अब केंद्र सरकार ने गोल्ड बुलियन (बार) की हॉलमार्किंग को भी अनिवार्य करने की तैयारी कर ली है। माना जा रहा है कि 2025 की शुरुआत में ही इस संबंध में अधिसूचना जारी की जा सकती है। इस अधिसूचना में गोल्ड बुलियन के साथ ही 9 कैरेट तक की गोल्ड ज्वेलरी के लिए भी हॉलमार्किंग को अनिवार्य करने का आदेश जारी किया जा सकता है।

अभी तक भारत में गोल्ड बार या तो बीआईएस रिफाइनरी में तैयार किया जाता है या फिर उनका इंपोर्ट किया जाता है। इन दोनों तरीकों से मार्केट में पहुंचने वाला गोल्ड बार सर्टिफाइड होता है और उसमें धोखाधड़ी की गुंजाइश नहीं होती है। इसके अलावा सर्राफा बाजार में रीसाइकिल्ड गोल्ड बार भी मिलते हैं। रीसाइकिल्ड गोल्ड बार को पुरानी ज्वेलरी से बनाया जाता है। इसके साथ ही कई बार बड़े गोल्ड बार की रीसाइकलिंग करके कम मात्रा के गोल्ड बार भी बनाए जाते हैं। रीसाइकिल्ड गोल्ड बार में धोखाधड़ी होने की आशंका होती है, क्योंकि इनका सर्टिफिकेशन नहीं होता है। यही वजह है कि केंद्र सरकार ने अब गोल्ड बुलियन की हॉलमार्किंग को अनिवार्य करने का मन बना लिया है। बताया जा रहा है कि पहले चरण में 100 ग्राम तक के गोल्ड बुलियन (बार) के लिए हॉलमार्किंग अनिवार्य की जाएगी। इसके बाद अगले 1 से 2 साल की अवधि में चरणबद्ध तरीके से 5 ग्राम तक के गोल्ड बुलियन के लिए इसे अनिवार्य कर दिया जाएगा।इसके साथ ही 9 कैरेट गोल्ड से बने आभूषणों के लिए भी हॉल मार्किंग को अनिवार्य करने की तैयारी कर ली गई है। अभी तक 14 कैरेट गोल्ड से बनने वाले आभूषणों के लिए हॉलमार्किंग अनिवार्य है, लेकिन देश के ग्रामीण और कई पिछड़े इलाकों में 9 कैरेट की गोल्ड ज्वेलरी भी बेची जाती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने अब 9 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी के लिए भी हानि हॉल मार्किंग को अनिवार्य करने का मन बना लिया है। जानकारों का कहना है कि सोने की कीमत में पिछले 2 साल की दौरान जोरदार तेजी आई है। ऐसी स्थिति में ग्राहकों को 14 कैरेट से नीचे स्तर की गोल्ड ज्वेलरी के लिए भी हॉलमार्किंग का विकल्प मिलना चाहिए, ताकि उनके साथ ठगी ना हो सके। इस संबंध में इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता का कहना है कि गोल्ड बुलियन और 9 कैरेट तक की गोल्ड ज्वेलरी के लिए हॉलमार्किंग करने का फैसला करके केंद्र सरकार सही दिशा में काम कर रही है। इससे उपभोक्ता सोने की शुद्धता को लेकर निश्चित हो सकेंगे और उनके साथ धोखाधड़ी नहीं हो सकेगी। सुरेंद्र मेहता का दावा है कि इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन ने ही केंद्र सरकार के समक्ष गोल्ड बुलियन और 9 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे अब सरकार मंजूरी देने जा रही है।

## मोबिक्विक का आईपीओ 11 दिसंबर को खुलेगा, प्राइस बैंड 265-279 रुपये प्रति शेयर

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए 11 दिसंबर को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 265-279 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी के शेयर 18 दिसंबर को शेयर बाजार में लिस्ट होंगे।

कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि मोबिक्विक का आईपीओ सब्सक्रिप्शन 13 दिसंबर को बंद होगा। कंपनी की योजना इस आईपीओ के जरिए 572 करोड़ रुपये जुटाने की है। गुरुग्राम स्थित फिनटेक कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम लिमिटेड का आईपीओ पूरी तरह से एक नया इश्यू है, जिसमें ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) नहीं है। कंपनी के मुताबिक निवेशक इसमें न्यूनतम 53 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 53 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। खुदरा निवेशकों के लिए न्यूनतम निवेश राशि 14 हजार 787 रुपये है।कंपनी इश्यू से प्राप्त कुल इनकम का उपयोग अपने वित्तीय सेवा व्यवसाय में जैविक वृद्धि के वित्तपोषण के लिए 150 करोड़ रुपये और भुगतान सेवा व्यवसाय में जैविक वृद्धि के वित्तपोषण के लिए 135 करोड़ रुपये, डेटा एमएल एवं एआई और उत्पाद और प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) निवेश के लिए 107 करोड़ रुपये तथा इसके भुगतान उपकरण व्यवसाय के पूंजीगत व्यय के लिए 70.28 करोड़ रुपये करेगी।

## आरबीआई ने किसानों को दी बड़ी सौगात, बिना ब्याज मिलेगा 2 लाख रुपये का लोन

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने किसानों को बड़ी सौगात दी है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने किसानों के लिए बिना किसी गारंटी के 2 लाख रुपये का तक का लोन मुहैया कराने की घोषणा की है। फिलहाल ये सीमा 1.6 लाख रुपये है। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक में लिये गए फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि मुद्रास्फीति और कृषि में उपयोग होने वाले कच्चे माल की लागत में वृद्धि के मद्देनजर गारंटी मुक्त कृषि ऋण की सीमा को 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय किया गया है। शक्तिकांत दास ने कहा कि रिजर्व बैंक ने बढ़ती महंगाई से परेशान किसानों को राहत देने के उद्देश्य से ये फैसला लिया गया है।

# शेयर बाजार में तेजी पर लगा ब्रेक, मामूली गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले पांच दिनों से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। सुबह 10 बजे के करीब रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी का ऐलान होने के बाद बाजार की चाल में कुछ देर के लिए उतार-चढ़ाव दिखा, लेकिन इसके बाद शेयर बाजार लगातार सीमित दायरे में ही कारोबार करता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.07 प्रतिशत और निफ्टी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।आज दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही एफएमसीजी, टेलीकॉम और पीएसयू बैंक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। आईटी, मीडिया और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर तेजी का माहौल बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 459.23 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 458.17 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.06 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,088 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,399 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,590 शेयरों में गिरावट का रुख रहा। घरेलू बाजार में 99 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,483 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,484 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 999 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 121.69 अंक की बढ़त के साथ 81,887.54 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में मामूली उतार-चढ़ाव के बाद सुबह 10 बजे के करीब रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति आते ही ये सूचकांक बिकवाली के दबाव में 259.67 अंक की कमजोरी के साथ 81,506.19 अंक तक गिर गया। इसके थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक ने हरे निशान में वापसी कर ली। इसके बाद ये सूचकांक पूरे दिन सीमित दायरे में ही कारोबार करता रहा। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 56.74 अंक के गिरावट के साथ 81,709.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 21.05 अंक की तेजी के साथ 24,729.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। सुबह 10 बजे मौद्रिक नीति पेश होने के बाद ये सूचकांक भी 87.90 अंक टूट कर 24,620.50 अंक तक गिर गया, लेकिन इसके बाद खरीदारी के सपोर्ट से इसने भी थोड़ी ही देर में हरे निशान में वापसी कर ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 30.60 अंक की कमजोरी के साथ 24,677.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा मोटर्स 3.06 प्रतिशत, बजाज ऑटो 2.34 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 1.56 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 1.21 प्रतिशत और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 1.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, अडाणी पोर्ट्स 1.41 प्रतिशत, सिप्ला 1.39 प्रतिशत, भारती एयरटेल 1.08 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 1.03 प्रतिशत और एशियाई पेंट्स 0.92 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## तीन साल तक असली पहचान छुपाए रखी, फिर

# माधुरी दीक्षित

## के सामने ऐसे खुला जावेद जाफरी की सौतेली बहन का राज



मल्टी टैलेंटेड एक्टर और मशहूर कॉमेडियन जगदीप के बेटे जावेद जाफरी का आज जन्मदिन है. जावेद को इंडस्ट्री में उनके काम के लिए जाना जाता है, लेकिन बहुत कम लोग इस बारे में जानते हैं कि जावेद की एक सौतेली बहन भी हैं और वो भी इसी इंडस्ट्री का ही एक हिस्सा है. हम बात कर रहे हैं एक्ट्रेस मुस्कान जाफरी की. मुस्कान का शो Mismatched Season 3 जल्द ही नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाला है. ऐसे में आइए आपको बताते हैं जावेद जाफरी की उस खूबसूरत बहन से जुड़ा एक हैरान करने वाला किस्सा.मुस्कान से जुड़ा एक किस्सा एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने शेयर किया था. दरअसल, माधुरी ने मुस्कान के साथ नेटफ्लिक्स सीरीज 'द फेम गेम' में काम किया था. इस सीरीज में मुस्कान ने माधुरी की बेटी का किरदार निभाया था और उनकी एक्टिंग की काफी तारीफ भी हुई थी. माधुरी ने शो के दौरान दिए गए एक इंटरव्यू में ये बताया था कि उन्हें काफी वक्त तक ये बात पता नहीं थी कि मुस्कान, जावेद जाफरी की बहन हैं.

**माधुरी ने बताया किस्सा**

माधुरी ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में बताया था कि कैसे मुस्कान ने उन्हें कभी नहीं बताया कि वो कॉमेडियन जगदीप की बेटी और जावेद की सौतेली बहन हैं. द फेम गेम की शूटिंग के महीनों बाद माधुरी दीक्षित को इसका पता चला और वो हैरान रह गईं कि मुस्कान ने इसे सीक्रेट क्यों रखा ? वो कहती हैं कि जब मुझे पता चला तो हम सीरीज के आधे रास्ते में थे. जब माधुरी ने मुस्कान ने उन्हें इस बारे में ना बताने वाली बात के बारे में पूछा तो मुस्कान ने कहा कि वो अपने नाम और काम से पहचान चाहती हैं.

**पिता ने की थी तीन शादियां**

दरअसल, दिवंगत कॉमेडियन जगदीप ने तीन शादियां की थीं. इन शादियों से उनके कुल छह बच्चे हैं. उनकी पहली शादी नसीम बेगम से हुई थी. इस शादी से उनके तीन बच्चे- हुसैन, शकीरा और सुरैया हैं. इसके बाद उनकी दूसरी शादी सुघ्र बेगम से हुई. सुघ्र और जगदीप के दो बेटे- जावेद और नावेद जाफरी हैं. वहीं, जगदीप की तीसरी पत्नी का नाम नाजिमा है.

## जब सरोज खान ने रेखा को सबके सामने लगाई फटकार, सेट पर ही रो पड़ी थीं एक्ट्रेस



कई बार फिल्मी दुनिया में एक्ट्रर एक्ट्रेस के ऐसे-ऐसे किस्से सुनने को मिलते हैं, जो हमें हैरान कर जाते हैं. क्योंकि पर्दे के पीछे की दुनिया एकदम अलग है और पर्दे के सामने अलग दुनिया दिखाई देती है. इसलिए हमें सामने की चीजें तो दिख जाती हैं, लेकिन पीछे का सुनने में नहीं आता. लेकिन कई बार पर्दे के पीछे के उन किस्से कहानियों का जिक्र होता है तो बात खुलकर आती है. मनोरंजन की दुनिया में एक ऐसा किस्सा सरोज खान और रेखा से जुड़ा हुआ है. चलिए आपको बताते हैं.रेखा जितनी बेहतरीन अदाकारा हैं, उतनी ही बेहतरीन डांसर भी हैं. आज भी जब वह स्टेज पर ठुमके लगा देती हैं तो बड़ी से बड़ी डांसर फेल नजर आती हैं. लोग रेखा को हमेशा की तरह अभी भी खूब पसंद करते हैं. लेकिन क्या आपको मालूम है कि एक फिल्म के सेट पर रेखा और मशहूर कोरियोग्राफर सरोज खान के बीच बहस हो गई थी. सरोज खान ने रेखा को ऐसा डांटा था कि वह रोने लगी थीं.

**सरोज खान और रेखा में हुआ था झगड़ा ?**

सरोज खान भले ही अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी कोरियोग्राफी के लोग कायल हैं. उन्होंने बड़ी-बड़ी सेलिब्रिटी को नचाया है. रेखा की फिल्म शेषनाग के गानों के लिए फिल्म के कोरियोग्राफर के.आर. रेड्डी ने सरोज खान को ही चुना था. लेकिन फिल्म के सेट पर कुछ ऐसा हुआ कि बात फिल्म इंडस्ट्री में फैल गई कि सरोज खान और रेखा में झगड़ा हुआ. बाद में सरोज खान ने इसे इंटरव्यू में क्लियर भी किया था.

**क्यों रोने लगीं थीं रेखा ?**

लहरें से बातचीत में सरोज खान ने बताया था कि उनका और रेखा का कोई विवाद नहीं था. इसे बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया था. सरोज खान ने रेखा से कहा था, रेखा जी लगता है आपको मुझसे कोई परेशानी है या फिर एलर्जी है. क्योंकि जब मैं आपको रिहर्सल के लिए बुलाती हूं तब आप आती नहीं हैं. और फिर सेट पर आने के बाद कहती हैं कि मैं ठीक नहीं हूं. या तो आप कोरियोग्राफर बदल लो या फिर डायरेक्टर से बोल दो कि आपको मेरे साथ काम नहीं करना है.इसी इंटरव्यू के वक्त सरोज खान ने कहा था कि जब उन्होंने रेखा को ये बात बोली तो उनकी आंखों में आंसू आ गए. तब सरोज जी ने उनको समझाया, जिसके बाद रेखा शूटिंग पर वापस लौट गईं.

## म्यूजिक, फन, कॉमेडी और डांस... सलमान खान के दबंग टूर का जोरदार प्रोमो आया



बीते कई दिनों से सलमान खान दबंग टूर को लेकर सुर्खियों में हैं. इस टूर की वजह से वो इस हफ्ते 'बिग बॉस- वीकेंड का वार' भी होस्ट नहीं कर रहे हैं. टूर से पहले उन्होंने एक प्रोमो वीडियो शेयर किया है और बताया है कि इस टूर में क्या कुछ होने वाला है.सलमान ने बताया कि इस इवेंट में म्यूजिक होगा, फन होगा, कॉमेडी होगी और डांस भी. ये सब नॉन-स्टॉप चार घंटे तक चलने वाला है. उन्होंने जो प्रोमो वीडियो शेयर किया है उसमें इस इवेंट में सलमान के साथ शामिल हो रहे सितारों के वीडियो क्लिप्स दिखाए गए हैं. सभी परफॉर्म करते नजर आ रहे हैं.

**कब है सलमान खान का इवेंट ?**

सलमान के साथ सोनाक्षी सिन्हा, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा




पाटनी, तमन्ना भाटिया, प्रभु देवा, मनीष पॉल, सुनील ग्रोवर और आस्था गिल भी इस इवेंट का हिस्सा हैं. सभी सलमान के साथ दुबई में परफॉर्म करने वाले हैं. प्रोमो शेयर करते हुए सलमान ने लिखा, दुबई, क्या आप तैयार हो दबंग एक्सपीरियंस के लिए. इस टूर का पहला इवेंट 7 दिसंबर को स्टूडियो दुबई हार्बर मरीना में होने वाला है.

भारत के साथ-साथ दुबई में भी सलमान खान की काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है. वहां भी उन्हें लोग काफी प्यार करते हैं. वो पहले भी दुबई में दबंग टूर के नाम से ही इवेंट कर चुके हैं और उनके इवेंट को फैन्स का खूब प्यार मिला था.

**सलमान की जगह 'बिग बॉस' में कौन ?**

अब जब सलमान 'दबंग टूर' में बिजी हैं तो ऐसे में सबसे बड़ा सवाल ये है कि उनकी गैरमौजूदगी में 'बिग बॉस' का जिम्मा कौन संभालेगा. जवाब है- फराह खान. इस बार फराह वीकेंड का वार में नजर आएंगी.बहरहाल, सलमान पिछले कुछ समय से एक फिल्म पर भी काम कर रहे हैं, जिसका नाम है 'सिकंदर'. अगले साल ईद के मौके पर ये फिल्म रिलीज होने वाली है. साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं और ए.आर. मुरुगदास इस फिल्म के डायरेक्टर हैं.



# ईशा सिंह

## को खटकी विवियन डीसेना-अविनाश मिश्रा की दोस्ती! सताने लगा गेम में पीछे रहने का डर?

बिग बॉस 18 में एक बार फिर से इस हफ्ते सलमान खान शो से गायब नजर आएंगे. सलमान खान अपनी वर्क कमीटमेंट्स के चलते बिग बॉस 18 के वीकेंड का वार की शूटिंग नहीं कर पाए हैं. इस हफ्ते उनकी जगह फराह खान शो होस्ट करती हुई नजर आएंगी. सलमान की जगह इस बार फराह सभी की क्लास लगाती हुई दिखाई देंगी.

हालांकि इन सब बातों के बीच एक बात ईशा और अविनाश से भी जुड़ी हुई है, जो काफी चर्चा में है.हाल ही की एपिसोड में ईशा सिंह अपने क्लोज फ्रेंड अविनाश मिश्रा से अपनी दिल की बात करती हुई नजर आ रही हैं. ईशा कहती हैं कि अविनाश और विवियन उन्हें साइडलाइन कर रहे हैं. ऐसे में वो खुद को पीछे महसूस करती हैं. हालांकि अविनाश उन्हें समझाने की कोशिश करते हैं, लेकिन अब दर्शकों को लगने लगा है कि ईशा को विवियन और अविनाश का बॉन्ड कहीं न कहीं खटक रहा है. यूजर्स की मानें तो ईशा को इस बात की चिंता है कि वो विवियन और अविनाश की फर्स्ट प्रायोरिटी हैं या नहीं.

**ईशा ने अविनाश को बताई अपनी चिंता**

मेकर्स के शेयर किए गए प्रोमो में देखा जा सकता है कि ईशा गार्डन में अविनाश से कहती हैं कि अगर ये ईशा है और ये विवियन है और ये श्रुतिका है, तो मैं विवियन की तरफ ज्यादा वजन रखुंगी (यानी विवियन उनकी पहली पसंद होंगे).

फिर आगे वो अपनी बात समझाते हुए अविनाश से कहती हैं कि अगर वो अकेली हैं और सामने अविनाश हैं ट्रॉफी के लिए, तो वो ऐसे उन्हें झटकेंगी नहीं.

हालांकि अविनाश की तरफ इशारा करते हुए ईशा कहती हैं कि तेरा मुझे लगता है कि तू ऐसे झटक देगा कि भाड़ में जा. इसपर अविनाश कहते हैं कि तुझे नहीं पता न हम लोग क्या बात करते हैं. ईशा कहती हैं कि तुम लोग मुझे शामिल नहीं करते हो. जवाब में अविनाश कहते हैं कि हां क्योंकि वहां तेरी जरूरत नहीं होती है. इस पर एक्ट्रेस कहती हैं कि उन्हें भी कई बार फील होता है कि वो दोनों ज्यादा बॉन्ड बना रहे हैं और वो पीछे रह जाती हैं.